परिशिष्ट

# XV

# भारतीय राजव्यवस्था संबंधी यू.पी.एस.सी. के प्रश्न ( सामान्य अध्ययन–प्रा. परीक्षा )

# [UPSC Questions on Indian Polity (General Studies–Prelims)]

**वर्ष 1993 का प्रश्न-पत्र**

1. भारत के राष्ट्रपति ने जिस एक मात्र मामले में अपनी वीटो की शक्ति का प्रयोग किया वह था:
   (a) हिन्दू कोड बिल
   (b) पेप्सू विनियोग विधेयक
   (c) भारतीय डाकघर (संशोधन विधेयक)
   (d) दहेज प्रतिषेध विधेयक
2. राष्ट्रपति के निर्वाचन में राज्य का मुख्यमंत्री मतदान करने के लिए पात्र नहीं होता, यदि:
   (a) वह स्वयं प्रत्याशी होता है
   (b) उसे राज्य विधान मंडल के निचले सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना शेष हो
   (c) वह राज्य विधान मंडल में उच्च सदन का सदस्य हो
   (d) यदि वह कार्यवाहक रूप में नियुक्त मुख्यमंत्री हो
3. भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) को समाप्त करने की सिफारिश किसने की थी?
   (a) ढेबर आयोग (b) कालेकर आयोग
   (c) खेर आयोग (d) राजमन्नार आयोग
4. नीचे चार युग्म दिये हैं इसमें से वह सही युग्म बताइये जिसके दोनों महानुभाव उपराष्ट्रपति बनने से पूर्व राजदूत अथवा उच्चायुक्त के पद पर रहे-
   (a) डॉ. एस. राधाकृष्णन और जी. एस. पाठक
   (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन और वी. वी. गिरि
   (c) डॉ. जाकिर हुसैन और के. आर नारायणन
   (d) बी. डी. जत्ती और के. आर. नारायणन
5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) न तो वित्त आयोग ही सांविधानिक निकाय है और न योजना आयोग
   (b) वित्त आयोग का क्षेत्र तो बजट के राजस्व खंड के पुनरीक्षण तक ही सीमित है, जबकि योजना आयोग सर्वांगीण पुनरीक्षण करता है जिससे राज्य की पूंजीगत और राजस्वगत दोनों अपेक्षाएं की जाती हैं।
   (c) कोई व्यक्ति एक ही समय में वित्त आयोग और योजना आयोग दोनों का सदस्य नहीं हो सकता
   (d) वित्त आयोग और योजना आयोग के कार्यों और दायित्वों की परस्पर अतिव्यप्ति नहीं है
6. स्वर्ण सिंह समिति ने जिस प्रश्न पर विचार किया वह था:
   (a) जम्मू-कश्मीर के प्रतिरूप पर पंजाब को अधिक स्वायत्तता
   (b) भारत के लिए राष्ट्रपतिमूलक शासन की उपयुक्तता
   (c) मूल अधिकारों की तुलना में निदेशक तत्वों को अग्रता
   (d) प्रशासनिक सुधार

7. निम्नलिखित में से कौन सा लक्षण भारतीय परिसंघ और अमेरिका परिसंघ में समान रूप से पाया जाता है?
   (a) एकत्र नागरिकता
   (b) संविधान में तीन सूचियाँ
   (c) न्यायपालिका की द्वैधता
   (d) संविधान के निर्वचन के लिए परिसंघीय उच्चतम न्यायालय
8. निम्नलिखित में से कौन-सी मद भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है?
   (a) जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन
   (b) लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता
   (c) प्रतिव्यक्ति कर
   (d) निखात निधि
9. स्पीकर के पद के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?
   (a) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है
   (b) यह आवश्यक नहीं है कि अपने निर्वाचन के समय वह सदन का सदस्य हो, परन्तु उसे अपने निर्वाचन के बाद छह मास के भीतर सदन का सदस्य हो जाना पड़ेगा
   (c) यदि सामान्य अवधि से पूर्व सदन को विघटित कर दिया जाए तो उसे अपना पद छोड़ना होगा
   (d) यदि वह त्यागपत्र देना चाहे तो उसे अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को संबोधित करना होगा
10. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों की अधिकारिता में आता है?
   (a) केन्द्र और राज्यों के बीच के विवाद
   (b) राज्यों के परस्पर विवाद
   (c) मूल अधिकारों का संरक्षण
   (d) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण
11. दल परिवर्तन विरोधी विधि को किस राज्य में 1979 में ही अधिनियम बना दिया गया था?
   (a) केरल (b) जम्मू-कश्मीर
   (c) पश्चिम बंगाल (d) तमिलनाडु
12. बजट के ऊपर संसदीय नियंत्रण के विषय में निम्न में से कौन सा एक सही नहीं है?
   (a) बजट निर्माण में संसद को कोई अधिकार नहीं होता है
   (b) संसद को भारत की संचित निधि पर भारित व्ययों में वृद्धि करने का अधिकार है
   (c) संसद को राष्ट्रपति की सहमति के बिना कोई कर लगाने का अधिकार नहीं है
   (d) संसद को राष्ट्रपति की सहमति के बिना किसी कर में वृद्धि करने का अधिकार नहीं है
13. सूची-I का सूची-II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

| **सूची - I (भारत के संविधान के लक्षण)** | **सूची - II (किस देश से गृहीत)** |
|---|---|
| A. मूल अधिकार | 1. यू. के. |
| B. शासन की संसदीय प्रणाली | 2. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| C. आपात उपबंध | 3. आयरलैंड |
| D. राज्य नीति के निदेशक तत्व | 4. जर्मन रीख |
| | 5. कनाडा |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

14. संविधान सभा के संबंध में निम्न कौन सा एक कथन सत्य है?
   1. यह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी
   2. यह प्रत्यक्ष मतदान का प्रतिफल थी
   3. यह बहुदलीय निकाय था
   4. इसमें कार्य करने के लिये कई समितियां थीं

   नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें:
   (a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
   (c) 1 तथा 4 (d) 1, 2, 3 तथा 4

## वर्ष 1994 का प्रश्न-पत्र

1. उच्चतम न्यायालय की परामर्शी अधिकारिता के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
   1. उच्चतम न्यायालय के लिए यह बाध्यकारी है कि वह राष्ट्रपति द्वारा निर्देशित किसी भी मामले में अपना मत व्यक्त करे।
   2. परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन प्राप्त किसी निर्देश पर उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ सुनवाई करती है।
   3. परामर्शी अधिकारिता के अधीन प्राप्त निर्देश पर व्यक्त किया हुआ उच्चतम न्यायालय का मत सरकार पर बाध्यकारी नहीं होता।
   4. उच्चतम न्यायालय को उसकी परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन एक बार में केवल एक ही निर्देश भेजा जा सकता है।

   नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से उत्तर का चयन कीजिए:

   (a) 1 और 2 (b) 1 और 3
   (c) 2 और 3 (d) 2 और 4

2. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
   (a) राज्यसभा के सभी सदस्यों का निर्वाचन राज्यों की विधानसभाएं करती हैं।
   (b) उपराष्ट्रपति, राज्यसभा का पदेन सभापति होता है, अत: राज्यसभा का कोई सदस्य उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकता है।
   (c) लोकसभा और राज्यसभा में एक बात में अंतर है कि लोकसभा का निर्वाचन तो कोई प्रत्याशी भारत के किसी भी राज्य से लड़ सकता है पर राज्यसभा का प्रत्याशी सामान्यत: वहीं का होना चाहिए जहां से वह प्रत्याशी बन रहा है।
   (d) भारत के संविधान में राज्यसभा के नामित सदस्य की मंत्रिपद पर नियुक्ति का स्पष्ट शब्दों में निषेध है।

3. भारत में समाचार पत्रों का स्वातंत्र्य:
   (a) संविधान के अनुच्छेद 19(1) (क) में विशेष रूप से उपबंधित है।
   (b) संविधान के अनुच्छेद 19(1) (क) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातंत्र्य में निहित है।
   (c) संविधान के अनुच्छेद 361 क के उपबंधों द्वारा प्रत्याभूत है।
   (d) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्‌भूत होता है।

4. केन्द्र-राज्य सम्बन्धों को विशेष रूप से किस प्रसंग में 'म्यूनिसिपल संबंध' कहा गया है?
   (a) विधायन के क्षेत्र में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (b) वित्तीय मामलों में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (c) प्रशासनिक क्षेत्र में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (d) योजना प्रक्रम में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में

5. 'निर्गत मत सर्वेक्षण' के विषय में कौन सा कथन सही है?
   (a) 'निर्गत मत सर्वेक्षण' अभिव्यक्ति का प्रयोग मतदाताओं के उस निर्वाचनेत्तर सर्वेक्षण को व्यक्त करता है, जिससे यह पता चले कि मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किस प्रत्याशी के पक्ष में किया।
   (b) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' और 'जनमत सर्वेक्षण' एक ही बात है।
   (c) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' वह युक्ति है जिससे मतदान के परिणामों के विषय में अधिकतम सही पूर्वानुमान किया जा सकता है।
   (d) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' हाल ही में मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा निकाली गयी प्रशासनिक युक्ति है जिससे पररूपधारण करके मतदान रोका जा सकता है।

6. निम्न में से कौन किसी राज्य का मुख्यमंत्री बने बिना भारत का प्रधानमंत्री बना?
   1. मोरारजी देसाई 2. चरण सिंह
   3. वी.पी. सिंह 4. चंद्रशेखर
   5. पी.वी. नरसिम्हा राव

   नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:

   (a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 5
   (c) केवल 2 (d) केवल 4

7. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

**कथन (A) :** भारत में केन्द्रीय लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन में सदस्यों का बहुमत पाने वाले राजनैतिक दल ही सरकार बनाते रहे हैं न कि मतों का बहुमत पाने वाले।

**कारण (c) :** बहुमत प्रणाली पर आधारित निर्वाचनों में प्राप्त मतों की आपेक्षिक बहुलता के आधार पर ही परिणाम का निर्णय होता है।

ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(a) A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है
(b) A और R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता
(c) A सही है पर R गलत है
(d) A गलत है पर R सही है

8. भारत के निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन-कौन से कार्य हैं?

1. लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति के पदों के लिए निर्वाचन करवाना
2. नगरपालिकाओं और नगर निगमों के लिए निर्वाचन करवाना
3. निर्वाचनों से उत्पन्न सभी संदेहों और विवादों का निर्णयन

नीचे दिए हुए कूटों से सहीं उत्तर का चयन कीजिए:

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) कोई नहीं

9. भारत में विविध निर्वाचनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-कौन सी निर्वाचन प्रणालियाँ स्वीकृत की गई हैं?

1. वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली
2. एकल संक्रमणीय मत के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली
3. आनुपातिक प्रतिनिधित्व की सूची प्रणाली
4. अप्रत्यक्ष निर्वाचन की संचयी मतदान प्रणाली

नीचे दिए गए हुए कूटों से सही उत्तर चयन कीजिए:

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

10. निम्नलिखित में से किस कर का आरोपण केन्द्र करता है किन्तु संग्रह और विनियोजन राज्य करते हैं?

(a) स्टाम्प शुल्क (b) यात्री और माल कर
(c) संपदा शुल्क (d) समाचार पत्रों पर कर

11. निम्नलिखित में से किनसे विनिर्धारित होता है कि भारत का संविधान परिसंघीय है?

(a) संविधान लिखित और अनम्य है
(b) न्यायपालिका स्वतंत्र है
(c) अवशिष्ट शक्तियों का केन्द्र में निहित होना
(d) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण

12. नीचे किसी राजनीतिक दल द्वारा लोकसभा के लगातार तीन निर्वाचनों में प्राप्त मतों की प्रतिशतता दी गयी है:

| **वर्ष** | 1984 | 1989 | 1991 |
|---|---|---|---|
| **मतों की प्रतिशतता** | 7.4 | 11.4 | 22.4 |

जिस दल ने मतों की उपर्युक्त प्रतिशतता प्राप्त की, वह था:

(a) कांग्रेस (आई) (b) बहुजन समाज पार्टी
(c) भारतीय जनता पार्टी (d) भारतीय मार्क्सवादी पार्टी

13. निम्नलिखित में से किनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है?

1. वित्त आयोग का अध्यक्ष
2. योजना आयोग का उपाध्यक्ष
3. संघ राज्य-क्षेत्र का मुख्यमंत्री

नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3

14. भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना के सिद्धान्त का तात्पर्य है कि:

(a) संविधान के कुछ लक्षण ऐसे अनिवार्य हैं कि उनका निराकरण नहीं किया जा सकता।
(b) मूल अधिकारों को न कम किया जा सकता है, न उनको छीना जा सकता है।
(c) संविधान का संशोधन केवल अनुच्छेद 368 में विहित प्रक्रिया से ही किया जा सकता है।

(d) संविधान की उद्देशिका का संशोधन नहीं किया जा सकता क्योंकि वह संविधान का भाग नहीं हैं और साथ ही वह संविधान की आत्मा को प्रतिबिंबित करती है।

## वर्ष 1995 का प्रश्न-पत्र

1. दिनेश गोस्वामी समिति का सम्बन्ध था:
   (a) बैंकों के राष्ट्रीयकरण की समाप्ति से
   (b) निर्वाचन सुधारों से
   (c) पूर्वोत्तर में उपद्रव समाप्त करने के उपायों से
   (d) चकमा समस्या से
2. निम्नलिखित में से किसका भारत के संविधान में तो स्पष्ट उल्लेख नहीं है पर परंपरा के रूप में पालन किया जाता है?
   (a) वित्त मंत्री निम्न सदन का सदस्य होना चाहिए।
   (b) प्रधानमंत्री यदि निम्न सदन में बहुमत खो दे तो उसे त्यागपत्र दे देना चाहिए।
   (c) मंत्रिपरिषद् में भारत के सभी भागों का प्रतिनिधित्व हो।
   (d) अपनी पदावधि की समाप्ति से पूर्व ही राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों के एक साथ पदत्याग करने पर संसद के निम्न सदन का अध्यक्ष राष्ट्रपति का कार्य वहन करे।
3. निम्न में से किन राज्यों में लोकायुक्त अधिनियम के दायरे में मुख्यमंत्री को भी लाया गया है?
   (a) प. बंगाल एवं केरल
   (b) गुजरात एवं महाराष्ट्र
   (c) मध्य प्रदेश एवं ओडीशा
   (d) राजस्थान एवं कर्नाटक
4. भारत में स्थानीय शासन के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है?
   (a) भारतीय संविधान के अनुसार परिसंघीय प्रणाणी में स्थानीय शासन जैसी कोई स्वतंत्र कोटि नहीं है।
   (b) स्थानीय निकायों के 30% स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित हैं।
   (c) स्थानीय शासन के लिए वित्त का उपबंध एक आयोग करता है।
   (d) स्थानीय निकायों के लिए निर्वाचन का निर्धारण एक आयोग करता है।
5. निम्नलिखित में कौन सा/कौन से राजनीतिक दल राष्ट्रीय राजनीतिक दल है/हैं?
   1. मुस्लिम लीग
   2. रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी
   3. अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक
   4. पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इण्डिया

   नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
   (a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4
   (c) केवल 3 (d) कोई भी नहीं
6. यदि किसी राज्य विधानसभा के निर्वाचन में निर्वाचित घोषित होने वाला प्रत्याशी अपनी निक्षिप्त राशि खो देता है तो उसका अर्थ है कि:
   (a) मतदान बहुत कम हुआ
   (b) बहुसदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन था
   (c) निर्वाचित प्रत्याशी की अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी पर विजय बहुत कम मतों से थी।
   (d) निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या बहुत अधिक थी।
7. भारत में निर्वाचन प्रक्रम के आरम्भ के विषय में निम्नलिखित मे से कौन-सा सही है?
   (a) सरकार द्वारा निर्वाचन की सिफरिश और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना।
   (b) निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की सिफरिश और केन्द्र में गृह मंत्रालय द्वारा तथा राज्य में गृह विभागों द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना।
   (c) निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की सिफारिश और राष्ट्रपति अथवा राज्य के राज्यपाल द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना।
   (d) निर्वाचन की सिफरिश और उसकी अधिसूचना जारी किया जाना दोनों ही कार्यो का निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाना।
8. भारत के राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित संस्थाओं में कौन-सी संविधानेत्तर और विधियेत्तर संस्था/ संस्थाएं है/हैं?
   1. राष्ट्रीय विकास परिषद्

2. राज्यपाल सम्मेलन
3. आंचलिक परिषदें
4. अन्तर्राज्यीय परिषद्

नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) 1 और 2 (b) 1, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) केवल 4

9. निम्नलिखित में से कौन-कौन से विषय हैं, जिन पर कम से कम आधे राज्यों के विधानमंडलों के अनुसमर्थन से ही सांविधानिक संशोधन सम्भव है?
1. राष्ट्रपति का निर्वाचन
2. संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व
3. सातवीं अनुसूची में कोई भी सूची
4. किसी राज्य की विधान परिषद् की समाप्ति

नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 3, और 4 (d) 2, 3 और 4

10. नीचे दी हुई सारणी पर ध्यान दीजिए:

**भारत की संसद**

| **राज्य सभा** | **लोकसभा** |
|---|---|
| 250 से अधिक सदस्य नहीं<br>12 नामित | राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों के 238 से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए। राज्यों के 530 से अधिक प्रतिनिधि न हों और इसमें 2 से अधिक नामित आंग्ल-भारतीय नहीं होंगे |

X अंकित स्थान पर निम्नलिखित में किसे रखना ठीक होगा।

(a) वे मंत्री जो संसद के सदस्य नहीं हैं, पर जिन्हें अपना पद सम्भालने के बाद 6 माह के भीतर अपना निर्वाचन संसद के किसी सदन के लिए करवाना है
(b) 20 से अनाधिक नाम निर्देशित सदस्य
(c) संघ राज्य क्षेत्र के 20 से अधिक प्रतिनिधि
(d) महान्यायवादी जिसे संसद के किसी भी सदन में बोलने और उसकी कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार होता है।

11. निम्नलिखित में से किनको लोकसभा और राज्यसभा दोनों के निर्वाचनों में मतदान का अधिकार है?
(a) संसद के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(b) संसद के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(c) राज्य विधानमण्डल के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(d) राज्य विधानमण्डल के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्यों को

12. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें अब तक विधान परिषद नहीं है यद्यपि संविधान (सप्तम संशोधन) अधिनियम, 1956 में उसके लिए उपबंध है?
(a) महाराष्ट्र (b) बिहार
(c) कर्नाटक (d) मध्य प्रदेश

13. 1946 में अंतरिम सरकार में कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष कौन था?
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(c) सी. राजगोपालाचारी
(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

14. संविधान के अनुच्छेद 156 में उपबंध है कि राज्यपाल अपने पदग्रहण की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा। इससे निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
1. किसी राज्यपाल को उसकी पदावधि पूरी होने से पूर्व पद से नहीं हटाया जा सकता।
2. कोई राज्यपाल पाँच वर्ष की अवधि के बाद अपने पद पर बना नहीं रह सकता।

नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (दोनों) (d) दोनों ही नहीं

15. धर्म आदि के आधार पर विभेद का प्रतिषेध (भारत के संविधान का अनुच्छेद 15) एक मूल अधिकार है जिसे इसके अधीन वर्गीकृत किया जाएगा?
(a) धर्म के स्वातंत्र्य का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
(d) समता का अधिकार

16. निगम कर का:
    (a) उद्ग्रहण (Levied) और विनियोजन (Appropriate) राज्य करते हैं।
    (b) उद्ग्रहण संघ करता है और संग्रह तथा विनियोजन राज्य करते हैं।
    (c) उद्ग्रहण संघ करता, उसका सहभाजन संघ तथा राज्य करते हैं।
    (d) उद्ग्रहण संघ करता है और वही पूर्णत: उसका स्वामी होता है।
17. राज्य सरकारों को कृषि आयकर कौन समानुदेशित करता है?
    (a) वित्त आयोग (b) राष्ट्रीय विकास परिषद
    (c) अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् (d) भारत का संविधान

### वर्ष 1996 का प्रश्न-पत्र

1. यदि किसी राज्य में लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं तो उस राज्य में अनुसूचित जातियों के लिये कितने स्थान आरक्षित होंगे?
    (a) 21 (b) 14
    (c) 7 (d) 6
2. केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति आती है:
    (a) इसकी परामर्शी अधिकारिता के अन्तर्गत
    (b) इसकी अपीली अधिकारिता के अन्तर्गत
    (c) इसकी मूल अधिकारिता के अन्तर्गत
    (d) इसकी सांविधानिक अधिकारिता के अन्तर्गत
3. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिसमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:
    **कथन (A):** स्वतंत्र भारत में ब्रिटेन की प्रभुता बनी रही।
    **कारण (R):** स्वतंत्र भारत में अंतिम गवर्नर जनरल की नियुक्ति ब्रिटेन के प्रभुतासम्पन्न शासक ने की।
    ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
    (a) A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है।
    (b) A और R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता।
    (c) A सही है पर R गलत है।
    (d) A गलत है पर R सही है।
4. जब किस उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश प्रशासनिक हैसियत से काम करता है तो वह अधीन होता है:
    (a) उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों में से किसी की भी रिट अधिकारिता के
    (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रयुक्त विशेष नियंत्रण के
    (c) राज्य के राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों के
    (d) इस विषय में मुख्यमंत्री को प्रदत्त विशेष शक्तियों के
5. भारत के संविधान के अनुसार, 'जिला न्यायाधीश' से अभिप्राय नहीं है–
    (a) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
    (b) सत्र न्यायाधीश
    (c) न्यायाधिकरण न्यायाधीश
    (d) लघु मामलों के न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
6. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक गण का तो भाग है, परन्तु उसके महाभियोग अधिकरण का भाग नहीं हैं?
    (a) लोकसभा
    (b) राज्यसभा
    (c) राज्यों की विधानपरिषदें
    (d) राज्यों की विधानसभाएं
7. पंचायती राज व्यवस्था में शासन प्रणाली की संरचना क्या है?
    (a) ग्राम स्तर पर स्थानीय स्वशासन की एक-स्तरीय संरचना
    (b) ग्राम और खण्ड स्तर पर स्थानीय स्वशासन की द्विस्तरीय संरचना
    (c) ग्राम, खण्ड और जिला स्तर पर स्थानीय स्वशासन की त्रि-स्तरीय संरचना
    (d) ग्राम, खण्ड, जिला और राज्य पर स्थानीय स्वशासन की चतु:स्तरीय संरचना
8. निम्नलिखित वक्तव्यों पर ध्यान दीजिए-
    किसी को राष्ट्र गीत गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, क्योंकि:
    1. इससे वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य के अधिकार का उल्लंघन होगा

2. इससे अन्त:करण की और धर्म के अबाध रूप से आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होगा
3. राष्ट्रगीत गाने के लिए किसी को बाध्य करने वाला कोई विधिक उपबंध नहीं है

इन वक्तव्यों में से-

(a) 1 और 2 सही हैं (b) 2 और 3 सही हैं
(c) 1, 2 और 3 सही हैं (d) कोई भी सही नहीं हैं

9. भारत का प्रधानमंत्री:
(a) संसद के दोनों सदनों के सदस्यों में से अपने मंत्रियों का चयन करने के लिए स्वतंत्र है
(b) इस विषय में भारत के राष्ट्रपति के साथ उचित परामर्श करके अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का चयन कर सकता है
(c) अपने मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने के लिए व्यक्तियों का चयन करने में पूर्णत: स्वविवेक का प्रयोग करता है
(d) अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का चयन करने में सीमित शक्तियाँ रखता है, क्योंकि स्व-विवेक प्रयोग की शक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति में निहित हैं

10. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

**कथन (A)** : 'अल्पसंख्यक' शब्द की भारत के संविधान में परिभाषा नहीं दी गई है।

**कारण (R)** : अल्पसंख्यक आयोग सांविधानिक निकाय नहीं है।

ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(a) A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु A की सही व्याख्या R नहीं करता
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

## वर्ष 1997 का प्रश्न-पत्र

1. भारत में राष्ट्रपति के चुनाव में राज्य की विधानसभा के प्रत्येक निर्वाचित सदस्य के वोटों की संख्या, उस राज्य की जनसंख्या के विधानसभा की कुल निर्वाचित सदस्य संख्या द्वारा विभाजित कर प्राप्त भागफल के एक हजार के गुणकों के बराबर होती है। वर्तमान स्थिति (1997) में ''जनसंख्या'' से तात्पर्य किस वर्ष की जनगणना द्वारा यथा अभिनिश्चित जनसंख्या से है?
(a) 1991 जनगणना (b) 1981 जनगणना
(c) 1971 जनगणना (d) 1961 जनगणना

2. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से क्या कथित है?
1. राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होगा
2. संसद राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी

निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर चुनिए:
(a) 1 और 2 में से कोई भी नहीं
(b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 1
(d) केवल 2

3. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (कृत्यकारी)** | **सूची-II (शपथ या प्रतिज्ञान)** |
|---|---|
| A. भारत का राष्ट्रपति | 1. सूचना की गोपनीयता |
| B. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश | 2. कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन |
| C. संसद सदस्य | 3. भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा एंव निष्ठा |
| D. संघ के मंत्री | 4. संविधान और विधि की मर्यादा बनाए रखना |

**कूट:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

4. निम्नलिखित अवतरण में,

''हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म
और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में,
व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए
दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में
आज....'x' ...... एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।''
'x' का (अर्थ) है:

(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 26 नवम्बर, 1949
(c) 26 जनवरी, 1949 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें एक को कथन कहा गया है और दूसरे को कारण कहा गया है

**कथन (A) :** जानबूझकर अवज्ञा या न्यायालय के आदेश की अवहेलना या न्यायिक व्यवहार के प्रति असंयत भाषा का प्रयोग न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आते हैं।

**कारण (R):** न्यायिक सक्रियता का तब तक कोई लाभ नहीं है जब तक न्यायपालिका को पर्याप्त अधिकार न प्रदान कर दिये जायें।

ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

6. दिनेश गोस्वामी समिति ने सिफारिश की थी:

(a) राज्यस्तरीय निर्वाचन आयोग के गठन की
(b) लोकसभा के चुनाव के लिए सूची पद्धति की
(c) लोकसभा के चुनाव के सरकारी निधीयन की
(d) लोकसभा के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों की अभ्यर्थता पर प्रतिबंध की

7. निम्नलिखित में से कौन सा एक ''पंचशील'' का सिद्धान्त नहीं है?

(a) गुटनिरपेक्षता
(b) शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व
(c) एक–दूसरे की भूभागीय अखंडता और प्रभुता का पारस्परिक सम्मान
(d) एक–दूसरे के आंतरिक मामलों में पारस्परिक अहस्तक्षेप

8. संविधान के 73 वें संशोधन में पंचायती राज के क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रस्तावित नहीं किया गया था?

(a) सभी निर्वाचित ग्रामिण स्थानीय निकायों में सभी स्तरों पर, 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी जाएंगी
(b) पंचायती राज संस्थाओं के लिए संसाधनों के नियतन के लिए राज्य अपने–अपने वित्त आयोगों का गठन करेंगे
(c) पंचायती राज निर्वाचित कार्यकर्ता अपने पद पर कार्य करने के लिए अयोग्य ठहराए जाएंगे, यदि उनके दो से अधिक सन्तानें हैं
(d) यदि पंचायती राज निकायों का राज्य सरकार द्वारा अधिक्रमण या विघटन कर दिया जाता है तो छः महीने की अवधि में चुनाव कराए जाएंगे

9. उस देश में आनुपातिक प्रतिनिधित्व आवश्यक नहीं है जहाँ:

(a) कोई आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र नहीं है
(b) द्विदलीय प्रणाली विकसित हुई है
(c) पहला आए सब ले जाए (फर्स्ट पास्ट पोस्ट) पद्धति प्रचलित है
(d) राष्ट्रपति और संसदीय शासन प्रणाली का सम्मिश्रण है

10. लोकहित मुकदमें की संकल्पना का प्रारम्भ हुआ था:

(a) यूनाइटेड किंगडम में (b) आस्ट्रेलिया में
(c) यूनाइटेड स्टेट्स में (d) कनाडा में

11. यदि भारत के प्रधानमंत्री संसद के उच्च सदन के सदस्य हैं तो:

(a) वे अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में अपने पक्ष में वोट नहीं दे सकेंगे
(b) वे निम्न सदन में बजट पर नहीं बोल सकेंगे
(c) वे केवल उच्च सदन में ही वक्तव्य दे सकते हैं

(d) उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के बाद छः मास के अंदर निम्न सदन का सदस्य बनना पड़ेगा

12. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें एक को कथन कहा गया है और दूसरे को कारण कहा गया है।

**कथन (A) :** संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत सीटों के आरक्षण के लिए संविधान संशोधन की आवश्यकता नहीं है।

**कारण (R) :** चुनाव लड़ने वाले राजनैतिक दल, बिना किसी संवैधानिक संशोधन के जितनी सीटों पर वे चुनाव लड़ रहे हैं उसके तैंतीस प्रतिशत का, महिलाओं के लिए नियतन कर सकते हैं।

ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, परन्तु R गलत है

(d) A गलत है, परन्तु R सही है

## वर्ष 1998 का प्रश्न-पत्र

1. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी एक अनुसूची में दलबदल विरोधी कानून विषयक उपबंध है?

(a) दूसरी अनुसूची (b) पाँचवीं अनुसूची

(c) आठवीं अनुसूचीं (d) दसवीं अनुसूची

2. भारतीय संसदीय प्रणाली, ब्रिटिश संसदीय प्रणाली से इस बात में भिन्न है कि भारत में:

(a) वास्तविक और नाममात्र दोनों प्रकार की कार्यपालिका (Executive) है

(b) सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रणाली है

(c) द्विसदन विधायिका है

(d) न्यायिक पुनर्विलोकन की प्रणाली है

3. अक्टूबर 1989 में पंचायत राज भारत में सर्वप्रथम आरम्भ किया गया:

(a) राजस्थान में (b) तमिलनाडु में

(c) केरल में (d) कर्नाटक में

4. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है?

(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) योजना आयोग

(c) वित्त मंत्रालय (d) उद्योग मंत्रालय

5. 1996-97 में सत्ता में रही संयुक्त मोर्चा सरकार में निम्न में से कौन से दल शामिल नहीं थे?

1. बहुजन समाज पार्टी 2. समता पार्टी

3. हरियाणा विकास पाटी 4. असम गण परिषद

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें:

(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 2 तथा 3

(c) 3 तथा 4 (d) 1 तथा 2

## वर्ष 1999 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) कच्छतिवु और तीन बीघा वे राज्यक्षेत्र थे जिन्हें भारतीय गणराज्य ने फ्रांसीसियों से प्राप्त किया।

(b) कच्छतिवु और तीन बीघा वे राज्यक्षेत्र हैं जो भारत सरकार द्वारा क्रमशः श्रीलंकाई और बांग्लादेशी प्रभुसत्ता को सौंप दिए गए हैं।

(c) कच्छतिवु और तीन बीघा वे क्षेत्र हैं जो 1962 के चीन-भारत युद्ध में चीनियों द्वारा अपने राज्य में मिला लिए गए थे।

(d) कच्छतिवु और तीन बीघा वे विदेशी अन्तःक्षेत्र हैं जो भारत को क्रमशः श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ की गई पट्टा व्यवस्था द्वारा हस्तान्तरित किए गए।

2. भारत में रहने वाला ब्रिटिश नागरिक दावा नहीं कर सकता:

(a) व्यापार और व्यवसाय की स्वतंत्रता के अधिकार का

(b) विधि के समक्ष समता के अधिकार का

(c) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के अधिकार का

(d) धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का

3. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका अध्यक्ष अनिवार्य रूप से भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति होना चाहिए।

2. इसकी प्रत्येक राज्य में राज्य मानवाधिकार आयोग के नाम से संस्थापनाएं हैं।

3. इसकी शक्तियां केवल सिफारिशी प्रकृति की हैं।
4. आयोग के एक सदस्य के रूप में एक महिला को नियुक्त करना आज्ञापरक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-कौन से सही हैं?

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

4. भारत में ब्रिटेन के सभी संवैधानिक प्रयोगों में से सबसे कम समय तक चला:
   (a) 1861 का भारत परिषद अधिनियम
   (b) 1892 का भारत परिषद अधिनियम
   (c) 1909 का भारत परिषद अधिनियम
   (d) 1919 का भारत सरकार अधिनियम
5. भारतीय संविधान मान्यता देता है–
   (a) केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को
   (b) केवल भाषायी अल्पसंख्यकों को
   (c) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को
   (d) धार्मिक, भाषायी और नृजातीय अल्पसंख्यकों को
6. 1993 में अधिनियमित नए पंचायती राज विधेयक में पहले से हटकर अनेक नए उपबंध हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐसा उपबंध नहीं है?
   (a) अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ कृषि, ग्रामीण विकास, प्राथमिक शिक्षा और सामाजिक वानिकी के क्षेत्र में अनेक सम्मिलित दायित्व
   (b) सभी पदों के लिए, उनके रिक्त होने पर, निर्वाचनों का आज्ञापक किया जाना
   (c) पंचायतों में एक-तिहाई पदों पर महिलाओं का सांविधिक प्रतिनिधित्व
   (d) पंचायत के सदस्यों के लिए नियमित पारिश्रमिक, ताकि उनकी समय-पाबंदी और जवाबदेही सुनिश्चित हो।
7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

   भारतीय संविधान में कोई संशोधन लाने का उपक्रमण किया जा सकता है:
   1. लोक सभा द्वारा
   2. राज्य सभा द्वारा
   3. राज्य विधान मंडलों द्वारा
   4. राष्ट्रपति द्वारा

   उक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
   (c) 2, 3 और 4 (d) 1 और 2
8. जन प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम 1996 द्वारा निर्वाचन विधि में हुए हाल के संशोधनों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज अथवा भारत के संविधान के अपमान के अपराध के लिए किसी दोषसिद्धि के होने पर दोषसिद्धि की तिथि से 6 वर्षों के लिए संसद और राज्य विधान मंडलों के चुनाव लड़ने की निरर्हता हो जाएगी।
   2. लोकसभा के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा जमा किए जाने वाले प्रतिभूति निक्षेप में वृद्धि की गई है।
   3. कोई अभ्यर्थी अब एक से अधिक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के लिए खड़ा नहीं हो सकता।
   4. चुनाव लड़ने वाले किसी अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाने पर अब किसी निर्वाचन को प्रत्यादिष्ट नहीं किया जा सकता।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

   (a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4
9. आय कर के लगाने, उद्ग्रहण करने और वितरण करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?
   (a) संघ कर लगाता है, उद्ग्रहण करता है और आय कर प्राप्तियों को स्वयं और राज्यों के बीच वितरण करता है।
   (b) संघ कर लगाता है, उद्ग्रहण करता है और सब आय की प्राप्तियों को अपने लिए रख लेता है।
   (c) संघ कर लगाता है और उद्ग्रहण करता है लेकिन सभी प्राप्तियां राज्यों में वितरित कर दी जाती हैं।
   (d) केवल आय कर पर लगाया गया अधिकार ही संघ और राज्यों के बीच बांटा जाता है।

## वर्ष 2000 का प्रश्न-पत्र

1. अध्यक्ष सदन के किसी भी सदस्य को बोलने से रोक सकता है और अन्य किसी सदस्य को बोलने दे सकता है। यह घटना कहलाती है:
   (a) मर्यादा (decorum)
   (b) पक्षत्याग (crossing the floor)

(c) अंतर्प्रश्न (interpellation)
(d) बैठ जाना (yielding the floor)

2. भारत के महान्यायवादी (Attorney General) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. उसमें वही योग्ताएं होनी चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की होती हैं।
3. उसे संसद के किसी भी एक सदन का सदस्य होना चाहिए।
4. संसद द्वारा महाभियोग लगाकर उसे हटाया जा सकता है।

इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2, 3, और 4 (d) 3 और 4

3. निम्नलिखित अधिकारियों पर विचार कीजिए:
1. मंत्रिमंडल सचिव
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त
3. संघीय मंत्रिमंडल सदस्य
4. भारत के मुख्य न्यायाधीश

अग्रता-क्रम में इनका सही अनुक्रम है:
(a) 3, 4, 2, 1 (b) 4, 3, 1, 2
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 1, 2

4. भारत में वित्त-आयोग का मुख्य कार्य है:
(a) केंद्र तथा राज्यों के बीच राजस्व का वितरण करना
(b) वार्षिक बजट तैयार करना
(c) राष्ट्रपति को वित्तीय मामलों पर परामर्श देना
(d) संघ एवं राज्यों के विभिन्न मंत्रालयों के लिए नियमों का विनिधान करना

5. लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों (S. T.) के लिए जिस राज्य में सर्वाधिक आरक्षित सीटें हैं, वह है:
(a) बिहार (b) गुजरात
(c) उत्तर प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

6. एक कॉलेज का विद्यार्थी अपने नगर की नगर परिषद् (Municipal Council) में चुने जाने का इच्छुक है। उसके नामांकन की वैधता अन्य शर्तों के साथ इस महत्वपूर्ण शर्त पर निर्भर होगी कि:
(a) वह अपने कॉलेज के प्राचार्य से अनुमति प्राप्त कर ले
(b) वह किसी राजनीतिक दल का सदस्य हो
(c) उसका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो
(d) वह भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की घोषणा दाखिल करे

7. सूची-(I) को सूची-(II) से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-(I) (स्थानीय निकाय)** | **सूची-(II) (राज्य 1999 की स्थिति के अनुसार)** |
|---|---|
| A. उप-प्रभाग स्तर पर जिला परिषद् | 1. आंध्र प्रदेश |
| B. मंडल प्रजा परिषद् | 2. असम |
| C. जनजातीय परिषद् | 3. मिजोरम |
| D. ग्राम पंचायतों का अभाव | 4. मेघालय |

***कूट:***

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

8. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक गलत है?
(a) गोवा को 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ
(b) दीव खम्भात की खाड़ी (Gulf of Khambhat) में एक टापू है
(c) दमन और दीव को भारत के संविधान के 56वें संशोधन द्वारा गोवा से अलग किया गया
(d) दादरा और नागर हवेली 1954 तक फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन (Colonial Rule) के अंतर्गत थे

9. अंतर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा संपूर्ण भारत में लागू करने के लिए संसद कोई भी कानून बना सकती है:
(a) सभी राज्यों की सहमति से
(b) बहुसंख्यक राज्यों की सहमति से
(c) सम्बन्धित राज्यों की सहमति से
(d) बिना किसी राज्य की सहमति से

10. 1935 के भारत सरकार अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी एक वैशिष्ट्य-युक्त नहीं है?
(a) केंद्र में साथ ही साथ राज्यों में द्वैध शासन

(b) द्विसदनी विधानमंडल

(c) प्रांतीय स्वायत्तता

(d) एक अखिल भारतीय संघ

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक धन विधेयक के बारे में सही नहीं है?

(a) धन विधेयक संसद के दोनों में से किसी भी सदन में प्रस्तावित किया जा सकता है।

(b) लोकसभा अध्यक्ष यह निर्णय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं

(c) लोकसभा द्वारा पारित किसी धन विधेयक का राज्यसभा द्वारा 14 दिनों के अंदन लौटाया जाना और विचारार्थ भेजा जाना आवश्यक है

(d) राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को लोक सभा में पुनर्विचार के लिए नहीं लौटा सकता

12. 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 1992 निर्दिष्ट करता है:

(a) ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार एवं अल्प रोजगार वाले पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अर्जक रोजगार का सृजन

(b) मंद कृषि मौसम की अवधि में सहायतार्थी तथा कार्य हेतु इच्छुक समर्थांग वयस्कों के लिए रोजगार का सृजन

(c) देश में मजबूत एवं जीवंत पंचायती राज संस्थाओं की बुनियाद रखना

(d) जीवन के अधिकार, व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा, विधि के समक्ष समता एवं बिना भेदभाव की सुरक्षा की गारंटी

## वर्ष 2001 का प्रश्न-पत्र

1. संविधान के किस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक राज्य शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था करने का प्रयास करेगा ?

(a) अनुच्छेद 349 (b) अनुच्छेद 350

(c) अनुच्छेद 350 (d) अनुच्छेद 351

2. भारत का उच्चतम न्यायालय कानून या तथ्य के मामले में राष्ट्रपति को परामर्श देता है:

(a) अपनी पहल पर

(b) तभी जब वह ऐसे परामर्श के लिए कहता है

(c) तभी जब मामला नागरिकों के मूलभूत अधिकारों से संबंधित हो

(d) तभी जब मामला देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करता हो

3. निम्नलिखित कर्तव्यों में से कौन से एक का भारत के नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक द्वारा पालन नहीं किया जाता?

(a) भारत की संचित निधि से होने वाले सभी व्ययों की लेखा परीक्षा करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

(b) आकस्मिकता निधि और लोक लेखाओं से होने वाले सभी व्ययों की लेखा परीक्षा करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन करना

(c) सभी व्यापार, निर्माण लाभ और हानि लेखाओं की लेखा परीक्षा करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

(d) सार्वजनिक धन की प्राप्ति और निर्गम का नियंत्रण करना और यह सुनिश्चित करना कि सार्वजनिक राजस्व राजकोष में जमा हो

4. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक भारत के संविधान की चौथी अनुसूची को सही-सही वर्णित करता है?

(a) इसमें संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण सूचीबद्ध है

(b) इसमें संविधान में सूचीबद्ध भाषाएं हैं

(c) इसमें जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में उपबंध हैं

(d) इसमें राज्यसभा के स्थानों का आवंटन है

5. भारतीय संसद किस रीति से प्रशासन पर नियंत्रण करती है?

(a) संसदीय समितियों के माध्यम से

(b) विभिन्न मंत्रालयों की परामर्शदात्री समितियों के माध्यम से

(c) प्रशासकों से आवधिक प्रतिवेदन भिजवाकर

(d) कार्यपालिका को रिट जारी करने के लिए बाध्य कर

6. भारत में अल्पसंख्यकों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत सरकार ने पांच समुदायों, यथा–मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों, बौद्धों और पारसियों को अल्पसंख्यकों के रूप में अनुसूचित किया है

2. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को 1993 में सांविधिक दर्जा दिया गया

3. भारत में सबसे छोटा धार्मिक समुदाय पारसी समुदाय है
4. भारत का संविधान धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को मान्यता और संरक्षण देता है

इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं?

(a) 2 और 3 (b) 1 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

7. निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक में राज्य सरकार का स्थानीय इकाइयों (Local Bodies) पर नियंत्रण नहीं होता?

(a) नागरिकों की शिकायतें (b) आर्थिक मामले
(c) विधि-निर्माण (d) कार्मिकों के मामले

8. भारत में उच्च न्यायालयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. देश में अठारह उच्च न्यायालय हैं
2. उनमें से तीन का क्षेत्राधिकार एक राज्य से अधिक पर है
3. किसी भी संघ राज्य क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय नहीं है
4. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की उम्र तक पद धारित करते हैं

इनमें से कौन-सा/से व्यक्तव्य सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) केवल 4

9. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (संविधान में संशोधन)** | **सूची-II (विषय-वस्तु)** |
|---|---|
| A. संविधान (उनहत्तरवां) संशोधन अधिनियम, 1991 | 1. राज्यस्तरीय किराया अधिकरणों की स्थापना |
| B. संविधान (पचहतरवां) संशोधन अधिनियम, 1994 | 2. अरुणाचल प्रदेश में पंचायतों में अनुसूचित जातियों के लिए कोई आरक्षण नहीं |
| C. संविधान (अस्सीवां) संशोधन अधिनियम, 2000 | 3. गांवों या अन्य स्थानीय स्तरों पर पंचायतों का संगठन |
| D. संविधान (तिरासीवां) संशोधन अधिनियम, 2000 | 4. दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकारना |
| | 5. दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का दर्जा देना |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 5 | 3 | 4 |
| (c) | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 5 | 4 | 2 |

10. यदि भारत संघ के एक नए राज्य का सृजन करना हो तो संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में किस एक को अवश्य संशोधित किया जाना चाहिए?

(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) पांचवीं

11. भारत के राजनीतिक दलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 राजनीतिक दलों के पंजीकरण का उपबंध करता है
2. राजनीतिक दलों का पंजीकरण निर्वाचन आयोग करता है
3. राष्ट्रीय स्तर का राजनीतिक दल वह है जिसे चार या अधिक राज्यों में मान्यता प्राप्त है
4. 1999 के आम चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त छ: राष्ट्रीय और 48 राज्य स्तरीय दल थे

इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं?

(a) 1,2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

12. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (संविधान का अनुच्छेद)** | **सूची-II (अंतर्वस्तु)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 54 | 1. भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन |
| B. अनुच्छेद 75 | 2. प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति |
| C. अनुच्छेद 155 | 3. राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति |

| | |
|---|---|
| D. अनुच्छेद164 | 4. राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति |
| | 5. विधानसभाओं की संरचना |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

## वर्ष 2002 का प्रश्न-पत्र

1. सूची-I (भारतीय संविधान का अनुच्छेद) को सूची-II (प्रावधान) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (भारतीय संविधान का अनुच्छेद)** | **सूची-II (उपबंध)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 16(2) | 1. किसी भी व्यक्ति को कानून के प्राधिकार के सिवाय उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा |
| B. अनुच्छेद 29(2) | 2. किसी भी व्यक्ति के साथ उसके वंश, धर्म अथवा जाति के आधार पर सार्वजनिक नियुक्ति के मामले में भेदभाव नहीं किया जा सकता |
| C. अनुच्छेद 30(1) | 3. सभी अल्पसंख्यकों को, चाहे वे धर्म के आधार पर हों या भाषा के आधार पर अपनी पसंद की शैक्षिक संस्थाएं स्थापित करने और उन्हें संचालित करने का मौलिक अधिकार होगा |
| D. अनुच्छेद 31(1) | 4. किसी भी नागरिक को धर्म, वंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी भी आधार पर राज्य द्वारा सम्पोषित अथवा राज्य से सहायता प्राप्त करने वाली किसी भी शैक्षिक संस्था में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते दिये जाते हैं:
   (a) भारत की समेकित निधि से
   (b) राज्य की समेकित निधि से
   (c) भारत की आकस्मिकता निधि से
   (d) राज्य की आकस्मिकता निधि से
3. भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली संविधान-सभा के सदस्यों को:
   (a) ब्रिटिश संसद द्वारा नामित किया गया
   (b) गवर्नर-जनरल द्वारा नामित किया गया
   (c) विभिन्न प्रान्तों की विधानसभाओं द्वारा चुना गया
   (d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग द्वारा चुना गया
4. राज्य नीति के निदेशक तत्वों को भारतीय संविधान में शामिल किए जाने का उद्देश्य हैं:
   (a) राजनैतिक प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (b) सामाजिक प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (c) गांधीवादी प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (d) सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना
5. 1935 के भारत शासन अधिनियम द्वारा प्रस्तावित संघात्मक परिसंघ में राजसी प्रांतों को शामिल करने के पीछे अंग्रेजों का असली उद्देश्य था:
   (a) राजसी प्रातों पर और अधिक और प्रत्यक्ष राजनैतिक और प्रशासनिक नियंत्रण रखना

(b) उपनिवेश के प्रशासन में राजाओं को सक्रिय रूप से शामिल करना
(c) अंग्रेजों द्वारा समस्त राजसी प्रांतों के सम्पूर्ण राजनैतिक और प्रशासनिक अधिग्रहण को अंतत: प्रभावी बनाना
(d) राष्ट्रवादी नेताओं के साम्राज्यवाद-विरोधी सिद्धान्तों को व्यर्थ करने के लिए राजाओं का इस्तेमाल करना

6. राज्य के नीति के निदेशक तत्वों के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के संबंधित है?
(a) 51 (b) 48 क
(c) 43 क (d) 41

7. निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को डॉ.बी. आर अम्बेडकर द्वारा संविधान की आत्मा कहा गया है?
(a) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(b) संपत्ति का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) संवैधानिक उपचार का अधिकार

8. सूची-I (भारत की उपनिवेशीय सरकार के अधिनियम) को सूची-II (उपबंध) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (भारत की उपनिवेशीय सरकार के अधिनियम)** | **सूची-II (उपबंध)** |
|---|---|
| A. चार्टर एक्ट, 1813 | 1. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के कार्यों को पूरी तरह विनियमित करने के लिए ब्रिटेन में एक बोर्ड ऑफ कंट्रोल स्थापित करना |
| B. रेग्यूलेटिंग एक्ट | 2. भारत में कंपनी का व्यापार एकाधिकार समाप्त कर दिया गया |
| C. एक्ट ऑफ 1858 | 3. शासन का अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन को हस्तांतरित कर दिया गया |
| D. पिट्स इंडिया एक्ट | 4. कंपनी के निदेशकों को कंपनी के प्रबंधन से संबंधित सभी पत्राचार और दस्तावेज ब्रिटिश सरकार को प्रस्तुत करने को कहा गया |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 5 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 5 |
| (d) | 4 | 5 | 2 | 3 |

9. ब्रिटिश इंडिया के निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम ने सामूहिक कार्यचालन के स्थान पर ''विभाग'' या विभागीय पद्धति द्वारा वाइसरॉय की कार्यकारी परिषद् पर उनके प्राधिकार को और बल प्रदान किया?
(a) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1861
(b) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858
(c) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1892
(d) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1909

10. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को समान अधिकार प्राप्त हैं परन्तु मिलने वाले वेतन में असमानता है
2. मुख्य चुनाव आयुक्त वही वेतन पाने का हकदार है जितना उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को दिया जाता है
3. मुख्य चुनाव आयुक्त को उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को हटाने के तरीके और कारणों के अतिरिक्त किसी अन्य तरीके और कारण से उनके पद से नहीं हटाया जा सकता
4. चुनाव आयुक्त का कार्यकाल उनके पदभार संभालने की तारीख से पॉच वर्ष अथवा उनके 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के दिन तक, जो भी पहले हो, होता है

इनमें में कौन-कौन से कथन सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 2 और 4

11. रेलवे अंचलों के लिए संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति का गठन किया जाता है:
(a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(b) रेल मंत्रालय द्वारा
(c) संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा
(d) परिवहन मंत्रालय द्वारा

12. भारत की पंचवर्षीय योजना अंतिम रूप में अनुमोदित की जाती है:
(a) केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा
(b) प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा
(c) योजना आयोग द्वारा
(d) राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा

13. निम्नलिखित में कौन सा प्राधिकरण भारत की समेकित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने वाले सिद्धान्तों की अनुशंसा करता है?
(a) वित्त आयोग (b) अंत:राज्यीय परिषद्
(c) केंद्रीय वित्त मंत्रालय (d) लोक लेखा समिति

14. भारतीय राजनीति के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) योजना आयोग की जवाबदेही संसद के प्रति है
(b) राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के सत्राधीन न होने पर ही अध्यादेश जारी कर सकते हैं
(c) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में राष्ट्रपति की न्यूनतम आयु 40 वर्ष है
(d) राष्ट्रीय विकास परिषद् में केंद्रीय वित्त मंत्री और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री होते हैं

15. भारतीय संविधान में, समानता का अधिकार पांच अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया है। यह है:
(a) अनुच्छेद 16 से अनुच्छेद 20
(b) अनुच्छेद 15 से अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18
(d) अनुच्छेद 13 से अनुच्छेद 17

16. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस एक संशोधन द्वारा राष्ट्रपति को कोई भी मामला मंत्रिपरिषद द्वारा पुनर्विचार किए जाने के लिए वापस भेजने का अधिकार दिया गया है?
(a) 39 वाँ (b) 40 वाँ
(c) 42 वाँ (d) 44 वाँ

17. लोकसभा का कार्यकाल:
(a) किसी भी पारिस्थिति में नहीं बढ़ाया जा सकता
(b) एक बार में छह: महीने तक के लिए बढ़ाया जा सकता है
(c) आपातकालीन की घोषणा के दौरान एक बार में एक वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है
(d) आपातकाल की घोषणा के दौरान एक बार में दो वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है

18. लोकसभा के चुनाव के मामले में, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों तथा अनु. जा. /अनु. ज. जा. के उम्मीदवारों द्वारा जमा की जाने वाली जमानत राशि क्रमश: हैं:
(a) 5,000 रु. और 2,500 रु.
(b) 10,000 रु. और 2,500 रु.
(c) 10,000 रु. और 5,000 रु.
(d) 15,000 रु. और 7,500 रु.

19. संविधान का 93वाँ संशोधन सम्बन्धित है:
(a) सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण जारी रखने से
(b) 6 और 14 वर्ष के बीच की आयु के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से
(c) सरकारी भर्तियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण
(d) हाल ही में गठित राज्यों को और अधिक संसदीय स्थानों के आवंटन से

## वर्ष 2003 का प्रश्न-पत्र

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन हेतु इलेक्टोकल कॉलेज में
   1. विधानसभा के निर्वाचित सदस्य के मत का मूल्यांकन बराबर राज्य की जनसंख्या राज्य की विधानसभा में निर्वाचित सदस्यों की संख्या x 100
   2. एक निर्वाचित संसद सदस्य के मत का मूल्यांकन बराबर सभी निर्वाचित विधानसभा सदस्यों के मतों का कुल मान निर्वाचित संसद सदस्यों की कुल संख्या
   3. हाल ही में हुए चुनाव में 5000 सदस्य थे

इन कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?
(a) 1 तथा 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

2. निम्न सांविधानिक संशोधनों में से कौन से राज्यों से निर्वाचित होने वाले लोकसभा के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने से संबंधित हैं?
(a) 6ठा और 22वां (b) 13वां तथा 38वां
(c) 7वां तथा 31वां (d) 11वां तथा 42वां

3. चार्टर एक्ट, 1833 में निम्न उपबंधों में से कौन सा एक नहीं था?
   (a) ईस्ट इंडिया कम्पनी की व्यापारिक गातिविधियों का समापन
   (b) परिषद् में परम सत्ताधारी के पदनाम को भारत के गवर्नर जनरल के पदनाम में बदलना
   (c) परिषद् में गवर्नर-जनरल को विधिकर्त्ता की सभी शक्तियाँ प्रदान करना
   (d) गवर्नर-जनरल की परिषद् में विधी-सदस्य के रूप में एक भारतीय की नियुक्ति
4. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
   वित्त आयोग का/के कार्य है/हैं:
1. भारत की संचित निधि से धन निकालने की अनुमति देना
2. प्राप्त करों को राज्यों के भागों में बाँटना
3. सहायता अनुदान के लिए राज्यों के आवेदनों पर विचार
4. संघ सरकार तथा राज्य सरकारें बजट के प्रावधानों के अनुसार करों की उगाही कर रही हैं या नहीं- इसकी देखरेख करना तथा उस पर रिपोर्ट देना
   (a) केवल 1 (b) 2 और 3
   (c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 4
5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
   (a) केवल राज्यसभा में ही, न कि लोकसभा में नामित सदस्य हो सकते हैं
   (b) राज्यसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय के दो सदस्यों को नामित करने का संविधान में उपबंध है
   (c) किसी नामित सदस्य का मंत्री के पद के लिए नियुक्ति पर संविधानिक वर्जना नहीं है
   (d) नामित सदस्य राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति के चुनाव में मत दे सकता है
6. विधायी शक्तियों की संघीय सूची में समाविष्ट किसी विषय के संबंध में भारत के उच्चतम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का अधिकार दिया गया है:
   (a) भारत के राष्ट्रपति को
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश को
   (c) संसद् को
   (d) विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय को
7. अंडमान व निकोबार द्वीप पर निम्नलिखित उच्च न्यायालयों में से किस एक का क्षेत्राधिकार है?
   (a) आंध्र प्रदेश (b) कलकत्ता
   (c) मद्रास (d) ओडीशा
8. गुजरात में विधानसभा के चुनाव (वर्ष 2002 में) को स्थगित करने के चुनाव आयोग के निर्णय की अधिमान्यता पर उच्चतम न्यायालय की राय जानने के लिए राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद के अंतर्गत किया?
   (a) अनुच्छेद 142 (b) अनुच्छेद 143
   (c) अनुच्छेद 144 (d) अनुच्छेद 145
9. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
   1. लोक-लेखा तथा सार्वजनिक उपक्रमों की समितियों से राज्यसभा के सदस्य संबंधित होते हैं जबकि प्राक्कलन समिति के लिए सदस्य केवल लोकसभा से ही लिए जाते हैं
   2. संसदीय कार्य मंत्रालय कुल मिलाकर संसदीय कार्यो की मंत्रिमंडलीय समिति के निर्देशन में कार्य करता है
   3. विभिन्न मंत्रालयों में भारत सरकार द्वारा गठित समितियों, परिषदों, मंडलों तथा आयागों के लिए संसदीय कार्यमंत्री संसद-सदस्यों को नामित करते हैं
   इनमें से कौन से कथन सही हैं?
   (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
10. भारतीय नयाचार (प्रोटोकॉल) के अनुसार अग्रता-क्रम में निम्न में से सबसे पहले कौन है?
   (a) उप-प्रधानमंत्री
   (b) भूतपूर्व राष्ट्रपति
   (c) अपने राज्य में राज्यपाल
   (d) लोकसभा अध्यक्ष
11. भारतीय संविधान की निम्न दी गई अनुसूचियों में से कौन सी एक राज्य के नामों की सूची तथा उनके राज्य-क्षेत्रों का ब्यौरा देती है?
   (a) पहली (b) दूसरी
   (c) तीसरी (d) चौथी
12. भारतीय संविधान में 9वीं अनुसूची परिवर्धित हुई:
   (a) प्रथम संशोधन द्वारा (b) आठवें संशोधन द्वारा
   (c) नौवें संशोधन द्वारा (d) 42वें संशोधन द्वारा

13. वर्ष 1946 में गठित अन्तरिम कैबिनेट की अध्यक्षता किसने की?
    (a) राजेन्द्र प्रसाद (b) जवाहरलाल नेहरू
    (c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) राजगोपालाचारी
14. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
    1. भारत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक अनुच्छेद 108 में संस्वीकृत है
    2. लोकसभा तथा राज्यसभा की प्रथम संयुक्त बैठक वर्ष 1961 में हुई थी
    3. भारतीय संसद के दोनों सदनों की दूसरी संयुक्त बैठक बैंक सेवा आयोग (निरसन) बिल को पारित करने के लिए हुई थी

    इन कथनों में से कौन-से सही हैं?
    (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
    (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
15. जब केंद्रीय मंत्रिमंडल ने (वर्ष 2002 में) चुनावी सुधारों पर अध्यादेश में बिना किसी बदलाव के उसे राष्ट्रपति को वापिस भेजा तब राष्ट्रपति ने भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद के अंतर्गत उसे अपनी सहमति दी?
    (a) अनुच्छेद 121 (b) अनुच्छेद 122
    (c) अनुच्छेद 123 (d) अनुच्छेद 124
16. 'संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह बाह्य आक्रमण तथा आंतरिक गड़बड़ी से प्रत्येक राज्य की रक्षा करें'। ऐसा प्रावधान भारतीय संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किस एक में है?
    (a) अनुच्छेद 215 (b) अनुच्छेद 275
    (c) अनुच्छेद 325 (d) अनुच्छेद 355
17. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
    भारत में वित्तीय सौदों पर स्टांप शुल्क:
    1. राज्य सरकार द्वारा लगाया व वसूल किया जाता है।
    2. का विनियोजन संघ सरकार द्वारा किया जाता है।

    इन कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) दोनों 1 और 2 (d) दोनों में से कोई भी नहीं
18. सूची-I (भारतीय संविधान के मद) को सूची-II (जिस देश से अपनाया गया) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| | **सूची-I (भारतीय संविधान के मद)** | | **सूची II (जिस देश से अपनाया गया)** |
|---|---|---|---|
| A. | राज्य के नीति-निदेशक तत्व | 1. | ऑस्ट्रेलिया |
| B. | मूल अधिकार | 2. | कनाडा |
| C. | संघ-राज्य संबंधों की समवर्ती सूची | 3. | आयरलैण्ड |
| D. | भारत राज्यों का संघ है तथा संघ में अधिक शक्ति निहित है | 4. | यूनाइटेड किंगडम |
| | | 5. | संयुक्त राज्य अमेरिका |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (c) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 5 | 1 | 2 |

19. निम्न विधेयकों में से किस एक का भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा अलग-अलग विशेष बहुमत से पारित होना आवश्यक है?
    (a) साधारण विधेयक (b) धन विधेयक
    (c) वित्त विधेयक (d) संविधान संशोधन विधेयक

## वर्ष 2004 का प्रश्न-पत्र

1. भारत के लोक वित्त (Indian Public Finance) से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. भारत के लोक लेखा से संवितरण संसद् के मत के अध्याधीन है।
    2. भारत के संविधान में प्रत्येक राज्य के लिए संचित निधि, लोक लेखा और आकस्मिक निधि का उपबन्ध है।
    3. रेल बजट में विनियोजन तथा संवितरण अन्य विनियोजनों और संवितरणों की तरह ही संसद के समान नियंत्रण के अधीन है।

    (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
    (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1935 के भारत सरकार अधिनियम की कुछ विशेषताएँ थीं:
1. गवर्नरी प्रान्तों में द्वैध-शासन की समाप्ति (Abolition of Diarchy in States)
2. गवर्नरों को विधायी क्रियाओं में निषेधाधिकार (वीटो) की शक्ति तथा स्वयं द्वारा विधि बनाना
3. साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के नियम की समाप्ति
उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित कथनों में कौन सा एक सही है?
(a) वर्ष 1946 में प्रान्तीय सभाओं द्वारा भारत की संविधान संभा चुनी गई
(b) जवाहरलाल नेहरू, एम.ए. जिन्ना और सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की संविधान सभा के सदस्य थे।
(c) भारत की संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन जनवरी, 1947 में बुलाया गया था
(d) भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को स्वीकार किया गया

4. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
1. जिले में सबसे बड़ी फौजदारी अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत होती है
2. जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा उच्च न्यायालय के परामर्श से की जाती है
3. जिला न्यायाधीश बनने के लिये एक व्यक्ति को सात वर्ष या उससे अधिक का विधि कार्य का अनुभव होना चाहिये या उसे संघ या राज्य की न्यायिक सेवा का अधिकारी होना चाहिये
4. जब सत्र न्यायालय मौत की सजा देता है तो इसका कार्यान्वयन करने से पहले इसे उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित होना चाहिये
दिये गये कथनों में से कौन से कथन सत्य हैं:
(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1,2, 3 और 4

5. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
1. लोकसभा के अध्यक्ष को यह अधिकार है कि वह लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए विघटित कर सकता है परन्तु सत्रावसान के उपरांत सदन का सत्र आहूत करने का अधिकार केवल राष्ट्रपति को है
2. पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के उपरांत लोकसभा स्वयमेव विघटित हो जाती है
3. लोकसभा का अध्यक्ष इसके विघटित होने के उपरांत तब तक इसका अध्यक्ष बना रहता है जब तक नयी लोकसभा का प्रथम सत्र नहीं हो जाता
इनमें से कौन से कथन सत्य हैं?
(a) 1 और 2 (b) 2, और 3
(c) 1 और 3 (d) 1,2 और 3

6. निम्न कथनों में से कौन सा एक सही नहीं है?
(a) लोक सभा में, अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए ऐसे कारण, जिन पर वह आधारित है, देना आवश्यक है
(b) लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृत करने के लिए नियमों में ग्राह्यता की कोई शर्तें निर्धारित नहीं की गई हैं
(c) यदि किसी अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया जाए तो इजाजत मिलने के दस दिन के भीतर उस पर कार्यवाही करना अनिवार्य है
(d) राज्यसभा किसी अविश्वास प्रस्ताव को ग्रहण करने के लिए सशक्त नहीं है

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के संविधान की चौथी अनुसूची का सही वर्णन करता है?
(a) इसमें संघ तथा राज्यों में शक्तियों के वितरण की रूपरेखा अन्तर्विष्ट है
(b) इसमें संविधान में सूचित भाषाएँ दी गई हैं
(c) इसमें जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से सम्बन्धित उपबन्ध अन्तर्विष्ट हैं
(d) इसमें राज्यसभा में स्थानों के आवंटन से सम्बन्धित जानकारी अन्तर्विष्ट है

8. मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों का गठन किस आधार पर किया गया था?
(a) भारत परिषद अधिनियम, 1909
(b) भारत शासन अधिनियम, 1919
(c) भारत शासन अधिनियम, 1935
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

9. भारत के उप-राष्ट्रपति को पदच्युत करने का संकल्प निम्नलिखित में से कहाँ प्रस्तावित किया जा सकता है?
   (a) केवल लोकसभा में
   (b) संसद के किसी भी सदन में
   (c) संसद की संयुक्त बैठक में
   (d) केवल राज्यसभा में

10. भारत के संविधान से सम्बन्धित, निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?
   (a) वन : समवर्ती सूची
   (b) शेयर बाजार : समवर्ती सूची
   (c) डाक-घर बचत बैंक: संघीय सूची
   (d) लोक स्वास्थ्य: राज्य सूची

11. निम्नलिखित कार्यों पर विचार कीजिए:
   1. स्वतंत्र तथा निष्पक्ष निर्वाचन का अधीक्षण, निदेशन तथा संचालन
   2. संसद, राज्यों के विधायकों, राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति के चुनावों की निर्वाचक नामावली तैयार करना
   3. चुनाव लड़ने वाले व्यक्तियों तथा राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्ह देना तथा राजनैतिक दलों को मान्यता देना
   4. चुनाव विवादों में अन्तिम निर्णय की उद्घोषणा

   उपरोक्त में से भारत के चुनाव आयोग के कौन-से कार्य हैं?
   (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 4

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. भारतीय योजना आयोग, भारत में योजना से सम्बन्धित उच्चतम निर्णायक निकाय है
   2. भारतीय योजना आयोग के सचिव राष्ट्रीय विकास परिषद् के भी सचिव हैं
   3. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची में आर्थिक और सामाजिक नियोजन अन्तर्विष्ट हैं

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
   (c) केवल 2 (d) केवल 3

13. भारतीय संसद के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं हैं?
   (a) विनियोजन विधेयक का, विधि बनने से पूर्व संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना अनिवार्य है
   (b) विनियोजन अधिनियम के अधीन विनियोजन हुए भारत के संचित निधि में से धन नहीं निकाला जा सकता
   (c) नए कर प्रस्तावित करने के लिए वित्त विधेयक का होना आवश्यक है जबकि चालू करों की दर में बदलाव के लिए किसी अन्य विधेयक/अधिनियम की आवश्यकता नहीं है
   (d) राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कोई धन विधेयक नहीं लाया जा सकता है

14. भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसके अनुसार प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का इस प्रकार प्रयोग किया जाएगा, जिससे संघ की कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में कोई अड़चन न हो या उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े?
   (a) अनुच्छेद 257 (b) अनुच्छेद 258
   (c) अनुच्छेद 355 (d) अनुच्छेद 356

15. सूची-I (भारत के संविधान के अनुच्छेद) को सूची-II (उपबन्ध) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (भारत के संविधान के अनुच्छेद)** | **सूची II (उपबन्ध)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 14 | 1. राज्य किसी नागरिकों के विरुद्ध केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा। |
| B. अनुच्छेद 15 | 2. राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा |
| C. अनुच्छेद 16 | 3. 'अस्पृश्यता' का अंत किया जाता है और उसका किसी भी रूप में आचरण निषिद्ध किया जाता है |
| D. अनुच्छेद 17 | 4. राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से सम्बन्धित विषयों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समता होगी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

16. **निर्देश:** आगामी प्रश्नांश में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है।

**कथन (A) :** केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम भारत की ग्रामीण जनता का जीवन-स्तर सुधारने के लिए 1986 में प्रारम्भ किया गया।

**कारण (R):** ग्रामीण स्वच्छता का विषय भारत के संविधान में समवर्ती सूची में है।

इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्नांश का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए:

***कूट:***

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

17. भारत के संविधान के निम्नलिखित कौन-से अनुच्छेद में उपबन्ध है कि चौदह वर्ष से कम किसी बालक को किसी कारखानों या खान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या किसी अन्य परिसंकटमय नियोजन में नहीं लगाया जाएगा?

(a) अनुच्छेद 24 (b) अनुच्छेद 45
(c) अनुच्छेद 330 (d) अनुच्छेद 368

18. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अधिनियम, 1993 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन इस आयोग का अध्यक्ष बन सकता सकता है?

(a) उच्चतम न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश
(b) उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश
(c) केवल भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायामूर्ति
(d) केवल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति

19. निम्नलिखित में से कौन लोकसभा के अध्यक्ष कभी भी नहीं रहे?

(a) के. वी. के. सुंदरम् (b) जी. एस. ढिल्लो
(c) बलिराम भगत (d) हुकुम सिंह

20. निम्न में से कौन से जोड़े सही सुमेलित हैं?

| | **विभाग** | **भारत सरकार के मंत्रालय** |
|---|---|---|
| 1. | महिला एवं बाल विभाग | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय |
| 2. | राज्य भाषा विभाग | मानव संसाधन विकास मंत्रालय |
| 3. | पेयजल आपूर्ति विभाग | जल संसाधन मंत्रालय |

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) कोई नहीं

21. निम्न घटनाओं पर विचार कीजिये:

1. भारत के चौथे आम चुनाव
2. हरियाणा राज्य की स्थापना
3. मैसूर का नाम कर्नाटक किया जाना
4. मेघालय एवं त्रिपुरा पूर्ण राज्य बने

इनका सही क्रम कौन सा होगा?

(a) 2-1-4-3 (b) 4-3-2-1
(c) 2-3-4-1 (d) 4-1-2-4-3

22. वरीयता अनुक्रम का उपयुक्त क्रम कौन सा होगा?

(a) भारत का महान्यायवादी-उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-संसद सदस्य-राज्यसभा का उपसभापति
(b) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-राज्यसभा का उपसभापति-भारत का महान्यायवादी-संसद सदस्य
(c) भारत का महान्यायवादी-राज्यसभा का उपसभापति-उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश -संसद सदस्य
(d) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश -भारत का महान्यायवादी-राज्यसभा का उपसभापति -संसद सदस्य

## वर्ष 2005 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. मोबाईल मामले कंपनियों के साथ विवाद
2. मोटर दुर्घटना मामले
3. पेंशन मामले

इनमें से किसमें लोक अदालत पर निर्णय किया जाता है?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. भारत के संविधान के भाग IX में पंचायतों से संबंधित उपबंध हैं और उसे संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 द्वारा अंत: स्थापित किया गया।
   2. भारत के संविधान के भाग IX क में नगरपालिकाओं से संबद्ध उपबंध हैं तथा अनुच्छेद 243 थ के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए दो प्रकार की नगरपालिकाएं हो सकती हैं - नगरपालिका परिषद् और नगर निगम।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. नगालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश तथा गोवा की प्रादेशिक मांगों को देखते हुए भारत के संविधान में अनुच्छेद 371 क से लेकर 371 झ अंतर्विष्ट किए गए।
   2. भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधानों में दो राजतंत्र (संघ और राज्य) हैं किन्तु नागरिकता इकहरी है।
   3. कोई व्यक्ति जो देशीयकरण द्वारा भारत का नागरिक है, कभी भी अपनी नागरिकता से वंचित नहीं किया जा सकता।

   (a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) केवल 1
4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. अनुच्छेद 301 संपत्ति के अधिकार से संबद्ध है।
   2. संपत्ति का अधिकार एक विधिक अधिकार है किन्तु यह मूल अधिकार नहीं है।
   3. भारत के संविधान में अनुच्छेद 300 क उस समय केन्द्र में कांग्रेस सरकार द्वारा 44वें संविधान संशोधन से अंत:स्थापित किया गया।

   (a) केवल 2 (b) 2 केवल 3
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
5. संविधान (98वां सेंशोधन) अधिनियम किससे सम्बद्ध है?
   (a) सेवा कर के विनियोजन तथा उगाही के लिए केन्द्र को अधिकार देना
   (b) राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन
   (c) जनगणना 2001 के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुन: समायोजन
   (d) राज्यों के बीच नई सीमाओं का सीमांकन
6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. भारत के संविधान में 20 भाग हैं।
   2. भारत के संविधान में कुछ 390 अनुच्छेद हैं।
   3. भारत के संविधान में नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, और बारहवीं अनुसूचियों को संविधान (संशोधन) अधिनियम द्वारा जोड़ा गया।

   उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3
7. निम्नलिखित में से संविधान सभा की संघ संविधान समिति का अध्यक्ष कौन था?
   (a) बी. आर अम्बेडकर
   (b) जे. बी. कृपलानी
   (c) जवाहार लाल नेहरू
   (d) अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर
8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 में:
   1. प्रान्तीय स्वशासन का उपबंध था।
   2. एक संघीय न्यायालय (फेडरल कोर्ट) की स्थापना का उपबंध था
   3. केन्द्र में अखिल भारत संघ का उपबंध था।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) 1और 2 (b) 2 और 3
   (c) 1और 3 (d) 1,2 और 3
9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. संसद भारत के उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता को विस्तारित नहीं कर सकती क्योंकि उसकी अधिकारिता वही है जो संविधान ने प्रदान की है।
   2. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के अधिकारी और सेवक संबद्ध मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और न्यायालय का प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं।
    2. पंजाब, हरियाणा और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का एक ही सामूहिक उच्च न्यायालय है।
    3. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का स्वयं का उच्च न्यायालय है।

    (a) 2 और 3 (b) 1 और 2
    (c) 1, 2 और 3 (d) केवल 3

## वर्ष 2006 का प्रश्न पत्र

1. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची का संघ सूची में निम्नलिखित में से कौन सा एक विषय सम्मिलित है?
   (a) खानों और तेल-क्षेत्रों में श्रम और सुरक्षा का विनियमन
   (b) कृषि
   (c) मत्स्यन
   (d) लोक स्वास्थ्य
2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. भारत के संविधान में पुरुषों तथा महिलाओं द्वारा समान कार्य के लिए समान वेतन देने को बढ़ावा देने के लिए कोई उपबंध नहीं है।
   2. भारत के संविधान में पिछड़े वर्गों को परिभाषित नहीं किया गया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. केवल राज्यसभा में यह शक्ति निहित है कि वह यह घोषणा करे कि राज्य सूची में से किसी विषय के सम्बन्ध में राष्ट्रीय हित में संसद विधि बना सकती है।
   2. आपात की उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाले संकल्प केवल लोकसभा द्वारा पारित किए जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं।
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 तथा 2 (d) न ही 1 तथा न ही 2
4. **कथन (A)** *:* भारत में प्रत्येक राज्य के राज्यक्षेत्र में एक उच्च न्यायालय विद्यमान है।

   **कथन (R)** *:* भारत के संविधान में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय हो।

   ***कूट:***
   (a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
   (b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (c) A सही है, परन्तु R गलत है।
   (d) A गलत है, परन्तु R सही है।
5. 104वाँ संविधान संशोधन विधेयक किससे सम्बन्धित था?
   (a) कुछ राज्यों में विधान परिषद् की समाप्ति
   (b) भारत के बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोगों लिए द्वैध नागरिकता आरंभ करने से
   (c) निजी शिक्षा संस्थानों में सामाजिक तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा प्रदान करने से
   (d) केंद्र सरकार के अधीन नौकरियों पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए कोटा प्रदान करने से
6. निम्नलिखित में से कौन सा आयोग भारत के संविधान के एक अनुच्छेद के अन्तर्गत सुस्पष्ट उपबंध के पालन में गठित हुआ?
   (a) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
   (b) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
   (c) निर्वाचन आयोग
   (d) केंद्रीय सतर्कता आयोग
7. 1946 में बनी अन्तरिम सरकार में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के पास कौन-सा विभाग था?
   (a) रक्षा
   (b) विदेशी मामले तथा राष्ट्रमंडल सम्बन्ध
   (c) खाद्य तथा कृषि
   (d) कोई भी नहीं
8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. कोई व्यक्ति जिसने किसी उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के रूप में पद धारण किया है, उच्चतम न्यायालय के सिवाय भारत में किसी न्यायालय या किसी प्राधिकारी के समक्ष अभिवचन या कार्य नहीं कर सकता।
   2. कोई व्यक्ति, भारत के किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं है यदि उसने भारत के राज्यक्षेत्र में कम-से-कम पाँच वर्ष तक न्यायिक पद धारण नहीं किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 तथा 2 (d) न ही 1 तथा न ही 2

9. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) राज्य पुनर्गठन अधिनियम : आंध्र प्रदेश

(b) यंडाबू संधि : असम

(c) बिलासपुर रियासत : हिमाचल प्रदेश

(d) वर्ष 1966 : गुजरात का राज्य बनना

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में 76वें संशोधन के अंतर्गत राज्य द्वारा 6-14 वर्ष के आयु-वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराना मूल अधिकार बनाया गया।
2. सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों तक में कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने का प्रावधान है।
3. शिक्षा, भारत के संविधान के 42वें संशोधन, 1976 द्वारा समवर्ती सूची में सम्मिलित की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

(a) 1, 2 तथा 3 (b) केवल 1 तथा 2

(c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 1 तथा 3

11. निम्नलिखित में से कौन सा एक सही कथन है?

सेवा कर:

(a) केंद्र सरकार द्वारा उद्गृहीत प्रत्यक्ष कर है

(b) केंद्र सरकार द्वारा उद्गृहीत अप्रत्यक्ष कर है

(c) राज्य सरकार द्वारा उद्गृहीत प्रत्यक्ष कर है

(d) राज्य सरकार द्वारा उद्गृहीत अप्रत्यक्ष कर है

12. जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित मुकदमा (PIL) लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे?

(a) एम. हिदायतुल्लाह (b) ए. एम. अहमदी

(c) ए. एस. आनन्द (d) पी. एन. भगवती

13 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. चार्टर एक्ट 1853 के द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी के भारतीय व्यापार के एकाधिकार को उत्सादित कर दिया गया।
2. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1858 के अन्तर्गत ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इंडिया कम्पनी का उत्तरदायित्व ग्रहण किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

## वर्ष 2007 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जवाहरलाल नेहरू मृत्यु के समय भारत के प्रधानमंत्री, की चौथी पदावधि में थे।
2. जवाहरलाल नेहरू ने संसद सदस्य के रूप में रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया।
3. भारत के प्रथम गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री वर्ष 1977 में पद पर नियुक्त हुए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 1 (d) 1 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. रॉबर्ट क्लाइव बंगाल के पहले गवर्नर जनरल थे।
2. विलियम बैंटिक भारत के पहले गवर्नर जनरल थे।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 और 2 (d) कोई नहीं

3. प्रथम लोक सभा के अध्यक्ष कौन थे?

(a) हुकम सिंह (b) जी.वी. मावलंकर

(c) के.एम. मुंशी (d) यू.एन. ढेबर

4. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?

(a) टी.एस. कृष्णामूर्ति : भारत के भूतपूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त

(b) के.सी. पंत : अध्यक्ष, भारत का 10वां वित्त आयोग

(c) ए.एम. खुसरो : भूतपूर्व अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग

(d) आर.सी. लाहोटी : भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायमूर्ति

5. निम्नलिखित में से कौन भारत का वित्त मंत्री रहे?

1. वी.पी. सिंह
2. आर. वेंकटरमण

3. वाई.बी. चह्वाण
4. प्रणब मुखर्जी

नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये:

(a) 1, 2 एवं 3 (b) 1, 3 एवं 4
(c) 2 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

6. **कथन (A):** भारत संघ में मंत्रि परिषद संयुक्त रूप से लोक सभा और राज्य सभा, दोनों के प्रति उत्तरदायी है।

**कारण (R):** लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्य संघीय सरकार में मंत्री बनने के लिए पात्रता रखते हैं।

***कूट:***

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. न्यायाधीश (जांच) विधेयक, 2006 के अंतर्गत एक न्यायिक परिषद को स्थापित करने का विचार है जो, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति सहित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति और न्यायाधीशों के विरुद्ध शिकायतें स्वीकार करेगी।
2. घरेलू हिंसा में महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कोई महिला किसी प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास अर्जी दाखिल कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. लोक लेखा समिति का अध्यक्ष, लोक सभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. लोक लेखा समिति में लोक सभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य और उद्योग तथा व्यापार के कुछ जाने-माने व्यक्ति सम्मिलित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित संविधान संशोधन अधिनियमों में से किस एक में यह प्रावधान है कि केन्द्र और किसी राज्य में मंत्रिपरिषद का आकार क्रमश: लोक सभा के सदस्यों की कुल व उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा?

(a) 91वां (b) 93वां
(c) 95वां (d) 97वां

10. भारत के संविधान के अनुच्छेद 360 के अधीन वित्तीय आपात से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. वित्तीय आपात की उद्घोषणा दो मास की समाप्ति पर, प्रवर्तन में नहीं रहेगी यदि उस अवधि की समाप्ति से पहले संसद के दोनों सदनों के संकल्पों द्वारा उसका अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है।
2. यदि वित्तीय आपात प्रवर्तन में हो तो, भारत का राष्ट्रपति, संघ के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवा करने वाले सभी या किसी वर्ग के व्यक्तियों के, परन्तु जिनके अंतर्गत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश नहीं आते, वेतनों और भत्तों में कमी करने के लिए निर्देश देने मे सक्षम है?

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. भारत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए रीति, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की रीति के समान है।
2. उच्च न्यायालय का कोई स्थायी न्यायाधीश अपने पद से सेवा-निवृत्ति के पश्चात भारत में किसी भी न्यायालय या किसी प्राधिकारी के समक्ष अभिवचन नहीं कर सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न ही 1 और न ही 2

12. नीचे दिए गए राज्यों को, भारत संघ के संपूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने का सही कालानुक्रम कौन-सा है?

(a) सिक्किम - अरुणाचल प्रदेश - नागालैंड - हरियाणा
(b) नागालैंड - हरियाणा - सिक्किम - अरुणाचल प्रदेश

(c) सिक्किम - हरियाणा - नागालैंड - अरुणाचल प्रदेश
(d) नागालैंड - अरुणाचल प्रदेश - सिक्किम - हरियाणा

## वर्ष 2008 का प्रश्न-पत्र

1. भारत के राष्ट्रीय ध्वज में धर्मचक्र में अरों (Spokes) की संख्या कितनी है?
(a) 16 (b) 18
(c) 22 (d) 24

2. भारत के कितने उच्च न्यायालयों की अधिकारिता में एक से अधिक राज्य हैं (संघ राज्य-क्षेत्र शामिल नहीं हैं)?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

3. निम्नलिखित में से किस-किसने भारत के उप-राष्ट्रपति का पद संभाला है ?
1. मोहम्मद हिदायतुल्लाह
2. फखरुद्दीन अली अहमद
3. नीलम संजीवन रेड्डी
4. शंकर दयाल शर्मा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

***कूट:***

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3 और 4

4. वर्ष 1953 में, जब आंध्र राज्य एक अलग राज्य बना, तब उसकी राजधानी कौन बनी?
(a) गुंटूर (b) कुर्नूल
(c) नेल्लौर (d) वारंगल

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| ***सूची-I (व्यक्ति)*** | ***सूची-II (पद)*** |
|---|---|
| A. नगेन्द्र सिंह | 1. भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त |
| B. ए० एन० राय | 2. अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय |
| C. आर० के० त्रिवेदी | 3. भारत का मुख्य न्यायमूर्ति |
| D. अशोक देसाई | 4. भारत का महान्यायवादी |

***कूट:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लोकसभा का सर्वाधिक बड़ा (क्षेत्रफल के अनुसार) निर्वाचन-क्षेत्र है?
(a) कांगड़ा (b) लद्दाख
(c) कच्छ (d) भीलवाड़ा

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. न्यायमूर्ति वी० आर० कृष्ण अय्यर भारत के मुख्य न्यायमूर्ति थे।
2. न्यायमूर्ति वी० आर० कृष्ण अय्यर भारतीय न्यायिक व्यवस्था में लोकहित याचिका (PIL) के प्रजनकों में से एक माने जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित संविधान संशोधन अधिनियमों में से किस एक के अन्तर्गत, भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में चार भाषाएँ जोड़ी गईं, जिससे उनकी संख्या बढ़कर 22 हो गई?
(a) संविधान (नब्बेवाँ संशोधन) अधिनियम
(b) संविधान (इक्यानबेवाँ संशोधन) अधिनियम
(c) संविधान (बानबेवाँ संशोधन) अधिनियम
(d) संविधान (तिरानबेवाँ संशोधन) अधिनियम

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
भारत के संविधान में यह उपबन्ध है कि:
1. प्रत्येक राज्य की विधान सभा 450 से अनधिक सदस्यों से मिलकर बनेगी, जो राज्य में प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने जाएंगे।
2. कोई व्यक्ति किसी राज्य की विधान सभा के किसी स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित नहीं होगा, यदि उसकी आयु पच्चीस वर्ष से कम हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित में से कौन-सा/से राज्य के नीति के निदेशक तत्वों में शामिल है/हैं?
1. मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध
2. मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकर औषधियों के, औषधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपभोग का प्रतिषेध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

11. भारत के संविधान की किस अनुसूची में विभिन्न राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए विशेष उपबंध है?

(a) तीसरी (b) पाँचवीं

(c) सातवीं (d) नौवीं

12. सीमा प्रबंधन विभाग, निम्नलिखित केन्द्रीय मंत्रालयों में से किस एक का विभाग है?

(a) रक्षा मंत्रालय

(b) गृह मंत्रालय

(c) पोत-परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग

(d) पर्यावरण और वन मंत्रालय

13. निम्नलिखित में से किस एक सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में आयोग गठित किया गया?

(a) पुलिस सुधार

(b) कर सुधार

(c) तकनीकी शिक्षा में सुधार

(d) प्रशासनिक सुधार

## वर्ष 2009 का प्रश्न-पत्र

1. भारत के निम्न राष्ट्रपतियों में कौन कुछ समय के लिये गुट निरपेक्ष आंदोलन का महासचिव भी रहा?

(a) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

(b) वराहगिरी वेंकटगिरि

(c) ज्ञानी जैल सिंह

(d) डॉ. शंकरदयाल शर्मा

2. परमाणु ऊर्जा विभाग, निम्नलिखित में से किसके प्रशासन के अधीन है?

(a) प्रधान मंत्री कार्यालय

(b) मंत्रिमंडल सचिवालय

(c) विद्युत् मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

3. भारत में, राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् का अध्यक्ष कौन है?

(a) प्रधानमंत्री

(b) जल संसाधन मंत्री

(c) पर्यावरण एवं वन मंत्री

(d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री

4. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान आपातकाल लगाया गया था, नए चुनाव हुए थे और जनता पार्टी चुनी गई थी?

(a) तीसरी (b) चौथी

(c) पांचवीं (d) छठी

5. यदि पंचायत विघटित होती है, तो किस अवधि के अन्दर निर्वाचन होंगे?

(a) 1 माह (b) 3 माह

(c) 6 माह (d) 1 वर्ष

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. पंजाब का राज्यपाल अपने दायित्व के साथ-साथ चंडीगढ़ का प्रशासक भी होता है।
2. केरल का राज्यपाल अपने दायित्व के साथ-साथ लक्षद्वीप का प्रशासक भी होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत में राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल की अनुशंसा पर की जाती है।
2. सिविल प्रक्रिया संहिता के उपबंधों के अनुसार राज्य-स्तर पर उच्च न्यायालयों की मूल, अपीलीय तथा सलाहकारी अधिकारिता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित में से भारत में पहला नगर निगम कहां स्थापित हुआ था?

(a) कलकत्ता (b) मद्रास

(c) बम्बई (d) दिल्ली

9. लोक अदालतों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. एक लोक अदालत द्वारा किया गया अधिनिर्णय सिविल न्यायालय का आदेश (डिक्री) मान लिया जाता है और इसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं होती।
2. विवाह-सम्बन्धी/पारिवारिक विवाद लोक अदालत में सम्मिलित नहीं होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

10. केन्द्रीय सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. भारत के संविधान में उपबंध है कि समस्त कैबिनेट मंत्री अनिवार्य रूप से केवल लोक सभा के ही आसीन सदस्य होंगे।
2. केन्द्रीय कैबिनेट सचिवालय संसदीय कार्य मंत्रालय के निदेशाधीन कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित संविधान संशोधनों में से कौन-सा एक, बताता है कि मंत्रिमण्डल में कुल मंत्रियों की संख्या, प्रधानमंत्री को सम्मिलित करते हुए लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी?

(a) 90वाँ (b) 91वाँ
(c) 92वाँ (d) 93वाँ

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) लाल बहादुर शास्त्री के प्रधान मंत्री रहने के काल में गठित हुआ था।
2. CAT के सदस्य न्यायिक तथा प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों से लिए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

13. केन्द्रीय सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. 15 अगस्त, 1947 को केंद्र में मंत्रालयों की संख्या 18 थी।
2. वर्तमान में केंद्र में मंत्रालयों की संख्या 36 है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

14. केन्द्रीय सरकार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों का निर्माण प्रधानमंत्री द्वारा कैबिनेट सचिव की सलाह पर किया जाता है।
2. प्रत्येक मंत्री को मंत्रालय राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सलाह पर सौंपा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

## वर्ष 2010 का प्रश्न-पत्र

1. भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें
1. मौलिक अधिकार
2. मौलिक कर्तव्य
3. राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत

भारत के संविधान का/के कौन-सा/से प्रावधान भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम द्वारा परिपूरित किए जाते हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथन पर विचार करें:
भारत का सर्वोच्च न्यायालय कानून अथवा तथ्यों के मामले में भारत के राष्ट्रपति को सलाह देता है
1. स्वयं अपनी पहल पर (सार्वजनिक हित से जुड़े किसी बड़े मामले पर)
2. यदि वह ऐसी सलाह मांगे
3. सिर्फ उन्हीं मामलों में जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों से जुड़े हैं

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं/?

(a) केवल 1 (b) केवल 2,
(c) केवल 3, (d) 1 तथा 2

3. लोक अदालतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) लोक अदालतों का क्षेत्राधिकार मामलों के मुकदमे के पहले ही उनके समाधान का है न कि ऐसे मामलों के समाधान का जो कि किसी न्यायालय में लंबित हैं।

(b) लोक अदालतों का केवल सिविल मामलों में दखल है, अपराधिक मामलों में नहीं।
(c) प्रत्येक लोक अदालत में सेवारत या सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी ही हो सकते हैं, दूसरे व्यक्ति नहीं।
(d) उपरोक्त में से कोई भी कथन सही नहीं है।

4. भारत सरकार अधिनियम 1935 में उल्लिखित निर्देशों के दस्तावेज (इंस्ट्रूमेन्ट ऑफ इंस्ट्रक्शन्स) भारत के संविधान में 1950 में किस रूप में समाहित किए गए?
(a) मौलिक अधिकार
(b) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
(c) राज्य की कार्यपालक शक्ति का परिमाण
(d) भारत सरकार की कार्यवाही का संचालन

5. निम्नलिखित में से कौन वित्त आयोग की प्रत्येक अनुशंसा को संसद के सदन में रखने के लिए बाध्य कर सकता है?
(a) भारत के राष्ट्रपति (b) लोक सभा अध्यक्ष
(c) भारत के प्रधान मंत्री (d) केन्द्रीय वित्त मंत्री

6. निम्नलिखित में से कौन केन्द्रीय बजट को तैयार करने तथा संसद में उसे प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है?
(a) राजस्व विभाग
(b) आर्थिक मामलों का विभाग
(c) वित्तीय सेवाओं का विभाग
(d) व्यय विभाग

7. राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति, 2007 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. यह नीति उन्हीं व्यक्तियों पर लागू होती है जो कि परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होते हैं, किसी अन्य कारण से हुए अनैच्छिक विस्थापन पर नहीं।
2. इस नीति का सूत्रण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने किया है।

उपरोक्त में से कौन सही है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) 1 और 2 दोनों नहीं

8. भारत में जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण में संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) राज्य सरकार यदि उचित समझे तो जिले में एक से अधिक जिला फोरमों की स्थापना कर सकती है।
(b) जिला फोरम की एक सदस्य महिला होगी
(c) जिला फोरम उन्हीं शिकायतों को हाथ में लेता है जहाँ कि वस्तु अथवा सेवाओं का मूल्य 50 लाख रुपए से अधिक नहीं होता।
(d) किसी बेची गई वस्तु अथवा प्रदान की गई सेवा के संबंध में जिला फोरम में शिकायत राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के सामान्य हित में उनके प्रतिनिधि के तौर पर की जा सकती है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारी करों तथा शुल्कों के निर्धारण के संबंध में राज्यपाल से अनुशंसा कर सकता है जो कि उस राज्य विशेष में पंचायतों द्वारा विनियोग किए जाते हैं:
(a) जिला आयोजना समिति
(b) राज्य वित्त आयोग
(c) राज्य का वित्त मंत्रालय
(d) राज्य का पंचायती राज मंत्रालय

10. निम्नलिखित कथन पर विचार करें:
भारत में प्रतिभूति विनिमय तथा फ्यूचर मार्केट्स में लेन-देन पर कर:
1. केन्द्र द्वारा लगाए जाते हैं
2. राज्यों द्वारा संग्रह किए जाते हैं

निम्नलिखित में से कौन सही हैध
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) 1 और 2 दोनों नहीं

## वर्ष 2011 का प्रश्न-पत्र

1. संविधान (73वाँ संशोधन) अधिनियम, 1992; जिसका लक्ष्य देश में पंचायती राज संस्थाओं को बढ़ावा देना है; निम्नलिखित में से क्या प्रावधान करता है?
1. जिला आयोजना समिति का गठन
2. राज्य चुनाव आयोग पंचायतों के चुनाव कराएगा
3. राज्य वित्त आयोग की स्थापना

निम्नलिखित में से कौन सही है?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. भारत में यदि एक धार्मिक सम्प्रदाय/समुदाय को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक का दर्जा मिल जाए तो वह किस विशेष लाभ का अधिकारी होगा?

1. यह विशेष शिक्षा संस्थाओं की स्थापना तथा संचालन कर सकता है।
2. भारत के राष्ट्रपति स्वयंमेव उक्त समुदाय का एक प्रतिनिधि लोकसभा के लिए नामित करते हैं।
3. यह प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम से लाभ प्राप्त कर सकता है।

निम्नलिखित में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. भारत में लाखों विकलांग व्यक्ति रहते हैं, कानून के अंतर्गत उन्हें कौन-से लाभ प्राप्त हैं?

1. सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में 18 वर्ष की आयु तक मुफ्त शिक्षा
2. व्यवसाय स्थापित करने के लिए भूमि के आवंटन में प्राथमिकता
3. सार्वजनिक भवनों में ढलवां सीढ़ी

निम्नलिखित में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

4. कन्सोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया से निकासी के लिए प्राधिकरण निश्चित रूप से आना चाहिए:

(a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(b) भारत की संसद द्वारा

(c) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा

(d) केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा

5. करों तथा अन्य प्राप्तियों के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त समस्त राजस्व सरकारी कार्य के संचालन के लिए जमा किए जाते हैं:

(a) भारत की आकस्मिकता निधि में (Contingency Fund of India)

(b) लोक लेखा में

(c) कन्सोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया में

(d) जमा एवं अग्रिम निधि (Deposits and Advances Fund में)

6. भारत के "पूरब की ओर देखो" नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. भारत पूर्वी एशिया के मामलों में स्वयं को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शक्ति रूप में स्थापित करना चाहता है।
2. भारत शीत युद्ध की समाप्ति के बाद व्याप्त निर्वात् को भरना चाहता है।
3. भारत दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी एशिया के अपने पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को पुनर्जीवित करना चाहता है।

निम्नलिखित में से कौन कथन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

7. वार्षिक केन्द्रीय बजट लोक सभा द्वारा जब पारित नहीं किया जाता:

(a) बजट को संशोधित कर पुन: प्रस्तुत किया जाता है।

(b) बजट को सुझाव के लिए राज्य सभा को भेजा जाता है।

(c) केन्द्रीय वित्त मंत्री को पद त्याग के लिए कहा जाता है।

(d) प्रधानमंत्री मंत्री परिषद् का त्यागपत्र सौंपते हैं।

8. भारत में संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन मौलिक कर्तव्य नहीं है?

(a) सार्वजनिक चुनाव में मतदान

(b) वैज्ञानिक वृत्ति का विकास

(c) सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा

(d) संविधान को मानना तथा इसके आदर्शों का सम्मान

9. भारत के वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन कथन सही है?

(a) यह आधारभूत संरचना के विकास के लिए विदेशी पूँजी का आगम प्रोत्साहित करता है।

(b) यह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए वित्त का उपयुक्त वितरण सुनिश्चित करता है।

(c) यह वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

(d) कथन क, ख, ग में से कोई सही नहीं।

10. निम्नलिखित पर विचार करें:

1. शिक्षा का अधिकार
2. सार्वजनिक सेवाओं में समान पहुँच का अधिकार
3. खाद्य अधिकार

उपरोक्त में से कौन मानवाधिकार की "सार्वभौम घोषणा पत्र" के अन्तर्गत मानवाधिकार है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
भारत में महानगरीय आयोजना समिति (Metropolitan Planning Committee):
1. का गठन भारत के संविधान के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाता है।
2. महानगरीय क्षेत्र के लिए विकास योजनाओं का प्रारूप तैयार करती है।
3. महानगरीय क्षेत्र में सरकार प्रायोजित योजनाओं को लागू करने के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी है।
निम्नलिखित में से कौन सही है?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

12. लेखा-मत (Vote on Account) तथा अंतरिम बजट में क्या अन्तर है?
1. लेखामत के प्रावधान का इस्तेमाल एक नियमित सरकार करती है जबकि अंतरिम बजट के प्रावधान का उपयोग कामचलाऊ सरकार द्वारा किया जाता है।
2. लेखा मत सरकारी बजट को केवल खर्च से संबंधित है, जबकि अंतरिम बजट में खर्च और प्राप्तियाँ दोनों शामिल हैं।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?
(a) केवल 1. (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) 1 और 2 दोनों नहीं

## वर्ष 2012 का प्रश्न-पत्र

1. भारतीय संविधान में केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों के बंटवारे की व्यवस्था निम्नलिखित में से किस योजना में की गई है?
(a) मॉर्ले-मिन्टो सुधार, 1909
(b) मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड अधिनियम, 1919
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

2. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्र विस्तार) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत आवंटित क्षेत्रों में ग्राम सभा की क्या भूमिका/शक्ति है?
1. ग्राम सभा को अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि से बिलगाव रोकने की शक्ति है।
2. ग्राम सभा का लघु या सामान्य वन उपज पर स्वामित्व है।
3. अधिसूचित क्षेत्रों में किसी खनिज के लिए लाइसेन्स या खनन पट्टा प्रदान करने के लिए ग्राम सभा की अनुशंसा अनिवार्य है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सही है?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. भारतीय संसद में कार्य स्थगन प्रस्ताव का उद्देश्य है:
(a) सार्वजनिक महत्व के किसी महत्वपूर्ण मामले पर चर्चा की अनुमति माँगना
(b) विपक्षी सदस्यों को मंत्रियों से सूचनाएँ एकत्र करने देना
(c) अनुदान माँगों में किसी राशि विशेष की कटौती के लिए अनुमति माँगना
(d) कुछ सदस्यों के असंगत अथवा हिंसक व्यवहार को रोकने के लिए कार्यवाही को स्थगित करना

4. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 (National Green Tribunal Act) भारत में संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान की संगति में अधिनियमित किया गया?
1. अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार के तहत स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार
2. अनुच्छेद 275 (1) के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन का स्तर उन्नत बनाने के लिए अनुदान संबंधी प्रावधान
3. अनुच्छेद 243 (।) के अंतर्गत उल्लिखित ग्राम सभा की शक्तियाँ एवं कार्य
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. भारत के संविधान में राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार करें:
1. भारत के नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता।
2. ग्राम पंचायतों का संगठन

3. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना
4. सभी श्रमिकों के लिए पर्याप्त अवकाश एवं सांस्कृतिक अवसर प्रदान करना।

उपरोक्त में से कौन राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों में गाँधीवादी सिद्धान्तों के रूप में प्रतिबिम्बित होता है/होते हैं

(a) 1, 2 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. राज्य सभा में संघीय क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व नहीं होता।
2. चुनावी विवादों में वाद निर्णय मुख्य चुनाव आयुक्त के क्षेत्राधिकार में आता है।
3. भारतीय संविधान के अनुसार संसद केवल लोकसभा तथा राज्यसभा को मिलाकर बनी है।

उपरोक्त में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) कोई नहीं

7. भारतीय कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों/विशेषाधिकारों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/ हैं?
1. उपभोक्ता खाद्य परीक्षण के लिए नमूना प्राप्त करने के लिए अधिकश्त है।
2. यदि कोई उपभोक्ता किसी उपभोक्ता फोरम में शिकायत दायर करता है उसके लिए कोई शुल्क देय नहीं होता।
3. किसी उपभोक्ता की मृत्यु की स्थिति में उसका कानूनी उत्तराधिकारी उसकी तरफ से उपभोक्ता फोरम में शिकायत दायर कर सकता है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर के सही उत्तर का चयन करें।

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

8. लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. वह राष्ट्रपति की इच्छा पर अपना कार्यभार संभालता/ती है।
2. चुनाव के समय उसका सदन का सदस्य होना आवश्यक नहीं, किन्तु चुनाव की तिथि से छह महीने के अंदर उसे सदन का सदस्य बनना पड़ता है।
3. अगर वह त्याग पत्र देना चाहता/चाहती है तो उसका त्यागपत्र उप-लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित होगा।

उपरोक्त में से कौन सही है?

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) कोई नहीं

9. निम्नलिखित में से कौन सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत है?
1. भारत सरकार तथा एक या एकाधिक राज्यों के बीच कोई विवाद।
2. संसद के किसी सदन अथवा राज्य की विधायिका के चुनाव से संबंधित कोई विवाद।
3. भारत सरकार तथा किसी संघीय क्षेत्र के बीच कोई विवाद।
4. दो या दो से अधिक राज्यों के बीच कोई विवाद।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 4 (d) 3 और 4

10. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत सरकार अधिनियम, 1919 की प्रमुख विशेषता/एँ है/हैं?
1. प्रांतों की कार्यकारी सरकारों में द्वैध शासन (Diarchy) की शुरुआत
2. मुस्लिमों के लिए अलग सांप्रदायिक निर्वाचक मंडल
3. केन्द्र द्वारा प्रांतों को विधायी अधिकारों का प्रतिनिधायन

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

11. भारत के संविधान द्वारा राज्यसभा को निम्नलिखित में से कौन-सी विशेष शक्तियाँ प्रदान की गई हैं?
(a) राज्य के वर्तमान क्षेत्र में परिवर्तन तथा राज्य के नाम में परिवर्तन
(b) इस आशय का प्रस्ताव पारित करना जिसमें संसद को राज्य सूची में कानून बनाने तथा एक या अधिक अखिल भारतीय सेवाएँ सृजित करने की शक्ति प्रदान की गई हो।
(c) राष्ट्रपति की चुनाव प्रक्रिया में संशोधन करना तथा राष्ट्रपति की सेवानिवृत्ति के पश्चात् उनकी पेन्शन निर्धारित करना।

(d) चुनाव आयोग के कार्यों का निर्धारण तथा चुनाव आयुक्तों की संख्या का निर्धारण

12. सार्वजनिक वित्त पर संसदीय नियंत्रण के निम्नलिखित में से कौन-से तरीके प्रचलित हैं?
    1. संसद के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करना।
    2. विनियोग विधेयक के पारित होने के पश्चात ही कन्सोलिडेटेड फंड से राशि की निकासी करना।
    3. पूरक अनुदानों तथा लेखामत (Vote on Account) संबंधी प्रावधान
    4. संसदीय बजट कार्यालय द्वारा बृहद् अर्थशास्त्रीय पूर्व सूचना तथा व्यय के विरुद्ध सरकार के कार्यक्रम का सावधिक अथवा कम से कम वर्ष-मध्य समीक्षा
    5. संसद में वित्त विधेयक की प्रस्तुति

    नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:

    (a) 1, 2, 3 और 5 (b) 1, 2 और 4
    (c) 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

13. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान का प्रभाव शिक्षा पर होता है?
    1. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
    2. ग्रामीण एवं नगरीय स्थानीय निकाय
    3. पाँचवीं अनुसूची
    4. छठी अनुसूची
    5. सातवीं अनुसूची

    नीचे दिए गए कोड का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें।

    (a) 1 और 2 (b) 3, 4 और 5
    (c) 1, 2 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

14. भारत में यह सुनिश्चित करने के अतिरिक्त कि सार्वजनिक निधि का कुशलतापूर्वक तथा निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार ही उपयोग हो रहा है, भारत के महालेखा नियंत्रण एवं परीक्षक (CAG) के कार्यालय का क्या महत्व है?
    1. म.नि.प (CAG) संसद की ओर से राजकोष पर नियंत्रण रखता है जबकि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय आपातकाल/वित्तीय आपातकाल की घोषणा कर दी हो।
    2. लोक लेखा समिति के मंत्रालयों की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यपालन पर CAG प्रतिवेदन पर चर्चा होती है।
    3. CAG प्रतिवेदन में उपलब्ध सूचनाओं का उपयोग कर जाँच एजेन्सियाँ उन लोगों के विरुद्ध अभियोग लगा सकती हैं जिन्होंने सार्वजनिक वित्त के प्रबंधन में नियमों का अतिक्रमण किया है।
    4. सरकारी कंपनियों की लेखा परीक्षा तथा लेखा देखते हुए CAG को कतिपय न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हैं, जिनका उपयोग उनके विरुद्ध किया जा सकता है जिन्होंने कानून तोड़ा

    उपरोक्त में से कौन सही है:

    (a) 1, 3 केवल 4 (b) केवल 2
    (c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

15. अपनी नियुक्ति के समय भारत के प्रधानमंत्री:
    (a) के लिए आवश्यक नहीं वह संसद के किसी सदन का सदस्य हो, किन्तु नियुक्ति की तिथि से छह माह के अंदर किसी एक सदन का सदस्य बनना अनिवार्य है।
    (b) के लिए आवश्यक नहीं कि वह संसद के किसी सदन का सदस्य हो ही, किन्तु नियुक्ति की तिथि से छह माह के अंदर उसका लोकसभा सदस्य बनना अनिवार्य है।
    (c) संसद के किसी एक सदन का सदस्य अवश्य हो
    (d) लोकसभा का सदस्य अवश्य हो

16. सीमा निर्धारण आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
    1. सीमा निर्धारण आयोग के आदेशों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
    2. जब सीमा निर्धारण आयोग के आदेशों को लोकसभा अथवा राज्य विधानसभा के पटल पर रखा जाता है तब वे इन आदेशों में कोई संशोधन नहीं कर सकते।

    निम्नलिखित में से कौन सही है?

    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) 1 और 2 दोनों नहीं

17. भारत के संविधान के अनुसार भारत के राष्ट्रपति का यह दायित्व है कि वे संसद के समक्ष निम्न में से किसे रखें?
    1. केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाओं को
    2. लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन को
    3. CAG के प्रतिवेदन को
    4. अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग के प्रतिवेदन को

    निम्नलिखित कोड का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:

(a) केवल 1 (b) 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

18. लोकसभा तथा राज्यसभा के बीच गतिरोध दूर करने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त बैठक आहूत की जाती है
1. साधारण विधेयक के पारित होने के दौरान
2. वित्त विधेयक के पारित होने के दौरान
3. संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने के दौरान

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

19. भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से कौन नागरिकों का/के मौलिक कर्तव्य है/हैं?
1. अपनी मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत का संरक्षण करना
2. कमजोर वर्गों का सामाजिक अन्याय से रक्षा करना
3. वैज्ञानिक मनोवृति तथा शोध भावना का विकास करना
4. वैयक्तिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयत्नशील रहना

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

20. सर्वोच्च न्यायालय की स्वायत्तता की रक्षा के लिए प्रावधान क्या है?
1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय भारत के राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करेंगे।
2. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा ही पद से हटाए जा सकते हैं।
3. न्यायाधीशों का वेतन कन्सोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया से दिया जाता है, जिसके लिए विधायिका को मतदान की जरूरत नहीं होती है।
4. भारत के सर्वोच्च न्यायालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सभी नियुक्तियाँ सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के पश्चात् ही की जाती हैं।

निम्नलिखित में से कौन सही है–
(a) 1 और 3 (b) 3 और 4
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## वर्ष 2013 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन करता है
1. प्रधानमंत्री
2. अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य
4. राज्यों के मुख्यमंत्री

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें:
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
लोक लेखा संसदीय समिति
1. में लोकसभा के 25 से अधिक सदस्य नहीं होते।
2. सरकार के विनियोग एवं वित्त लेखा की जाँच करती है।
3. महालेखा नियंत्रक एवं परीक्षक के प्रतिवेदन की जाँच करती है।

निम्नलिखित में से कौन सही है?
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

3. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सिद्धांत संसदीय सरकार पर संस्थागत रूप से लागू होता है/ हैं?
1. मंत्रिमंडल के सदस्य संसद के भी सदस्य होते हैं
2. मंत्री तब तक अपने पद पर बने रहते हैं जब तक कि उनमें संसद का भरोसा रहे।
3. मंत्रिमंडल का मुखिया राज्य का प्रधान होता है।

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करे:
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से संसद के प्रति उत्तरदायी होगी।

2. केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रपति की इच्छा रहने तक पद पर बने रह सकते हैं।
3. प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को विधायी (कानून बनाने) प्रस्तावों के बारे में सूचित करेंगे।

उपरोक्त में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. राष्ट्रीय विकास परिषद् योजना आयोग का एक अंग है।
2. आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन को भारत के संविधान की समवर्ती सूची में रखा गया है।
3. भारत के संविधान के अनुसार पंचायतों को आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए योजना बनाने का कार्य सौंपा जाना चाहिए।

उपरोक्त में कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. राज्यसभा के सभापति तथा उप-सभापति उस सदन के सदस्य नहीं होते।
2. जबकि संसद के दोनों सदनों के नामित सदस्यों को राष्ट्रपति चुनाव में मत देने का अधिकार नहीं होता, उपराष्ट्रपति के चुनाव में उन्हें मतदान का अधिकार होता है।

उपरोक्त में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) 1 और 2 दोनों नहीं

7. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–
1. इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को समान अवसर के आधार पर नि:शुल्क तथा सक्षम कानूनी सेवाएँ प्रदान करना है।
2. यह राज्य कानूनी सेवा प्राधिकारों को देश भर में वैधिक कार्यक्रमों एवं योजनाओं को लागू करने के बारे में दिशा-निर्देश जारी करता है।

उपरोक्त में से कौन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) कोई नहीं

8. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत वैयक्तिक अथवा सामूहिक अथवा दोनों के वनाधिकारों की प्रकृति तथा सीमा निश्चित करने की प्रक्रिया किस प्राधिकारी द्वारा शुरू की जाएगी?

(a) राज्य वन विभाग
(b) जिलाधिकारी/उपययुक्त
(c) तहसीलदार/प्रखंड विकास पदाधिकारी/मंडल राजस्व अधिकारी
(d) ग्राम सभा

9. भारत के संविधान के उद्देश्यों में से एक "आर्थिक न्याय" का उल्लेख किया गया है:

(a) प्रस्तावना तथा मौलिक अधिकारों में
(b) प्रस्तावना तथा राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों में
(c) मौलिक अधिकारों तथा राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

10. भारत के संविधान के अनुसार देश के शासन में निम्नलिखित में से कौन मूलभूत है?

(a) मौलिक अधिकार
(b) मौलिक कर्तव्य
(c) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
(d) मौलिक अधिकार तथा मौलिक कर्तव्य

11. यदि वित्त विधेयक (मनीबिल) को राज्यसभा द्वारा व्यापक रूप से संशोधित कर दिया जाता है तब क्या होगा?

(a) लोकसभा तब भी बिल को पारित कराने का प्रयास जारी रखेगी-राज्यसभा की अनुशंसाओं को मानते हुए या अस्वीकार करते हुए।
(b) लोकसभा उस पर फिर विचार नहीं कर सकती।
(c) लोकसभा राज्यसभा को विधेयक को पुनर्विचार के लिए भेज सकती है।
(d) राष्ट्रपति विधेयक को पारित करने के लिए संयुक्त बैठक आहूत कर सकते हैं।

12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) भारत में एक व्यक्ति एक ही समय दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता।
(b) भारत में राज्यों के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश राज्यपाल द्वारा उसी प्रकार नियुक्त किए जाते हैं, जिस

प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा।
(c) भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने संबंधी किसी प्रक्रिया का निर्धारण नहीं किया गया है।
(d) अगर किसी संघीय क्षेत्र में कोई विधायिका है तब मुख्यमंत्री की नियुक्ति उप-राज्यपाल द्वारा बहुमत के समर्थन के आधार पर की जाती है।

13. भारतीय इतिहास के संदर्भ में विभिन्न प्रांतों से संविधान सभा के सदस्य:
(a) उन राज्यों के लोगों द्वारा सीधे निर्वाचित किए गए थे।
(b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग द्वारा नामित किए गए थे।
(c) प्रांतीय विधान सभाओं द्वारा निर्वाचित किए गए थे।
(d) सरकार द्वारा संवैधानिक मामलों में उनकी विशेषज्ञता के आधार पर चयनित किए गए थे।

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
1. भारत के संविधान में किसी संशोधन के लिए विधेयक केवल लोकसभा में ही लाया जा सकता है।
2. यदि ऐसा कोई संशोधन संविधान के संघीय स्वरूप में परिवर्तन लाने के लिए उद्देशियत है, तब उक्त संशोधन को भारत के सभी राज्यों की विधायिकाओं द्वारा भी अनुसमर्थित कराना होगा।

उपरोक्त में से कौन सही है:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) कोई नहीं

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
भारत का महान्यायवादी:
1. लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है।
2. लोकसभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है।
3. लोकसभा में बोल सकता है।
4. लोकसभा में मत डाल सकता है।

उपरोक्त में से कौन सही है?
(a) केवल 1 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 3

16. निम्नलिखित में से किन निकायों के बारे में संविधान में उल्लेख नहीं है?
1. राष्ट्रीय विकास परिषद्
2. योजना आयोग
3. क्षेत्रीय परिषदें

निम्नलिखित कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें–
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

17. संसद अंतर्राष्ट्रीय संधियों को लागू करने के लिए पूरे भारत अथवा भारत के किसी भू-भाग के लिए कोई कानून बना सकती है:
(a) राज्यों की सहमति लेकर
(b) अधिकतर राज्यों की सहमति लेकर
(c) संबंधित राज्य की सहमति लेकर
(d) बिना किसी राज्य की सहमति लिए

18. सरकार ने 1996 में पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार (पेसा) अधिनियमित किया। निम्नलिखित में से कौन उसके उद्देश्य के रूप में चिन्हित नहीं है?
(a) स्वशासन प्रदान करना
(b) पारंपरिक अधिकारों को मान्यता देना
(c) जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त क्षेत्र सृजित करना
(d) जनजातीय लोगों को शोषण से मुक्त करना

## वर्ष 2014 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिए:
1. गुजराती
2. कन्नड़
3. तेलगु

उपर्युक्त में से किसको/किनको सरकार ने 'श्रेण्य (क्लासिकी) भाषा/भाषाएँ' घोषित किया है?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-सी एक सबसे बड़ी संसदीय समिति है?
(a) लोक लेखा समिति
(b) प्राक्कलन समिति
(c) सरकारी उपक्रम समिति
(d) याचिका समिति (कमिटी ऑन पिटिशन्स)

3. विक्रय-कर, जिसका भुगतान आप कोई टूथपेस्ट खरीदते समय करते हैं,

निम्नलिखित में से किस प्रकार का कर है?

(a) केन्द्र सरकार द्वारा आरोपित कर
(b) केन्द्र सरकार द्वारा आरोपित किन्तु राज्य सरकार द्वारा संग्रहीत कर
(c) राज्य सरकार द्वारा आरोपित किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा संग्रहीत कर
(d) राज्य सरकार द्वारा आरोतिप एवं संग्रहीत कर

4. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी एक अनुसूची में दल-बदल विरोध विषयक उपबन्ध हैं?

(a) दूसरी अनुसूची
(b) पाँचवीं अनुसूची
(c) आठवीं अनुसूची
(d) दसवीं अनुसूची

5. भारत के संविधान में अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का कहाँ उल्लेख है?

(a) संविधान की उद्देशिका में
(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्वों में
(c) मूल कर्तव्यों में
(d) नौवीं अनुसूची में

6. निम्नलिखित में से कौन-से भारत में 'योजना' से सम्बद्ध हैं?

1. वित्त आयोग
2. राष्ट्रीय विकास परिषद्
3. संघीय ग्रामीण विकास मंत्रालय
4. संघीय शहरी विकास मंत्रालय
5. संसद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 , 2 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से मंत्रिमण्डल सचिवालय का/के कार्य है/हैं?

1. मंत्रिमण्डल बैठकों के लिए कार्यसूची तैयार करना
2. मंत्रिमण्डल समितियों के लिए सचिवालयी सहायता
3. मंत्रालयों को वित्तीय संसाधनों का आबंटन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1
(b) केवल 2, 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

संवैधानिक सरकार वह है

1. जो राज्य की सत्ता के हित में व्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभावकारी प्रतिबन्ध लगाती है
2. जो व्यक्ति की स्वतंत्रता के हित में राज्य की सत्ता पर प्रभावकारी प्रतिबन्ध लगाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित में से कौन-सी किसी राज्य के राज्यपाल को दी गई विवेकाधीन शक्तियाँ हैं?

1. भारत के राष्ट्रपति को, राष्ट्रपति शासन अधिरोपित करने के लिए रिपोर्ट भेजना
2. मंत्रियों की नियुक्ति करना
3. राज्य विधानमण्डल द्वारा पारित कतिपय विधेयकों को, भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना
4. राज्य सरकार के कार्य संचालन के लिए नियम बनाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राष्ट्रपति, भारत सरकार का कार्य अधिक सुविधापूर्वक किए जाने के लिए और मंत्रियों में उक्त कार्य के आंबटन के लिए नियम बनाएगा।
2. भारत सरकार की समस्त कार्यपालक कार्रवाइयाँ प्रध ानमंत्री के नाम से की हुई कही जाएँगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

11. भारत में अविश्वास प्रस्ताव के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार
कीजिए:
1. भारत के संविधान में किसी अविश्वास प्रस्ताव का कोई उल्लेख नहीं है।
2. अविश्वास प्रस्ताव केवल लोक सभा में ही पुर:स्थापित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

12. केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति किसके अन्तर्गत आती है?
(a) परामर्शी अधिकारिता के अन्तर्गत
(b) अपीली अधिकारिता के अन्तर्गत
(c) मूल अधिकारिता के अन्तर्गत
(d) रिट अधिकारिता के अन्तर्गत

13. भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसमें निहित है?
(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) संसद
(c) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति
(d) विधि आयोग

## वर्ष 2015 का प्रश्न-पत्र

1. राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. ये तत्व देश के सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
2. इन तत्वों में अन्तर्विष्ट उपबन्ध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय (एन्फोर्सिएबल) नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. राज्य सभा में धन विधेयक को या तो अस्वीकार करने या संशोधित करने की कोई शक्ति निहित नहीं है।
2. राज्य सभा अनुदानों की मांगों पर मतदान नहीं कर सकती है।
3. राज्य सभा में वार्षिक वित्तीय विवरण पर चर्चा नहीं हो सकती।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

3. भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने निम्नलिखित में से किसको स्पष्ट रूप से परिभाषित किया?
(a) न्यायपालिका एवं विधायिका (लेजिस्लेचर) के बीच शक्ति का पृथक्करण
(b) केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकारों की अधिकारिता
(c) भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एवं वाइसरॉय की शक्तियाँ
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. जब संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कोई विधेयक निर्दिष्ट (रेफर) किया जाता है, तो इसे किसके द्वारा पारित किया जाना होता है?
(a) उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों का साधारण बहुमत
(b) उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों का तीन-चौथाई बहुमत
(c) सदनों का दो-तिहाई बहुमत
(d) सदनों का पूर्ण बहुमत

5. भारत सरकार ने नीति (NITI) आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किसका स्थान लेने के लिए की है?
(a) मानव अधिकार आयोग
(b) वित्त आयोग

(c) विधि आयोग
(d) योजना आयोग

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. भारतीय संघ की कार्यपालिका शक्ति प्रधानमंत्री में निहित है।
   2. प्रधानमंत्री, सिविल सेवा बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

7. भारत के संविधान में पांचवीं अनुसूची और छठी अनुसूची के उपबन्ध निम्नलिखित में से किसलिए किए गए हैं?
   (a) अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण के लिए
   (b) राज्यों के बीच सीमाओं के निर्धारण के लिए
   (c) पंचायतों की शक्तियों, प्राधिकारों और उत्तरदायित्वों के निर्धारण के लिए
   (d) सभी सीमावर्ती राज्यों के हितों के संरक्षण के लिए

8. संघ सरकार (यूनियन गवर्नमेंट) के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
   1. राजस्व विभाग, संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले केन्द्रीय बजट को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है।
   2. भारत की संसद् के प्राधिकरण (ऑथराइजेशन) के बिना कोई धन भारत की संचित निधि से निकाला नहीं जा सकता।
   3. लोक लेखा से किए जाने वाले सभी संवितरणों (डिस्बर्समेंट्स) के लिए भी भारत की संसद् के प्राधिकरण की आवश्यकता होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2
   (d) 1, 2 और 3

9. निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान का अभिरक्षक (कस्टोडियन) है?
   (a) भारत का राष्ट्रपति
   (b) भारत का प्रधानमंत्री
   (c) लोक सभा सचिवालय
   (d) भारत का उच्चतम न्यायालय

10. हाल ही में निम्नलिखित में से किस एक भाषा को शास्त्रीय भाषा (क्लासिकल लैंग्वेज) का दर्जा (स्टेटस) दिया गया है?
   (a) उड़िया
   (b) कोंकणी
   (c) भोजपुरी
   (d) असमिया

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. भारत में किसी राज्य की विधान परिषद् आकार में उस राज्य की विधान सभा के आधे से अधिक बड़ी हो सकती है।
   2. किसी राज्य का राज्यपाल उस राज्य की विधान परिषद् के सभापति को नामनिर्देशित करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

12. ''भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।'' यह उपबन्ध किसमें किया गया है?
   (a) संविधान की उद्देशिका
   (b) राज्य की नीति के निदेशक तत्व
   (c) मूल अधिकार
   (d) मूल कर्तव्य

13. पंचायतीराज व्यवस्था का मूल उद्देश्य क्या सुनिश्चित करना है?
   1. विकास में जन-भागीदारी
   2. राजनीतिक जवाबदेही
   3. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण
   4. वित्तीय संग्रहण (फाइनेंशियल मोबिलाइजेशन)

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल 1, 2 और 3
   (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2, 3 और 4

14. भारत के संविधान में 'कल्याणकारी राज्य' का आदर्श किसमें प्रतिष्ठापित है?
    (a) उद्देशिका
    (b) राज्य की नीति के निदेशक तत्व
    (c) मूल अधिकार
    (d) सातवीं अनुसूची
15. भारत में संसदीय प्रणाली की सरकार है, क्योंकि:
    (a) लोक सभा जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होती है
    (b) संसद, संविधान का संशोधन कर सकती है
    (c) राज्य सभा को भंग नहीं किया जा सकता
    (d) मंत्रिपरिषद्, लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है

## वर्ष 2016 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?
    1. लोक सभा में लम्बित कोई विधेयक उसके सत्रावसान पर व्यपगत (लैप्स) हो जाता है।
    2. राज्य सभा में लम्बित कोई विधेयक, जिसे लोक सभा ने पारित नहीं किया है, लोक सभा के विघटन पर व्यपगत नहीं होगा।

    नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
    1. किसी राज्य में मुख्य सचिव को उस राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    2. राज्य में मुख्य सचिव का नियत कार्यकाल होता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
3. 'ग्राम न्यायालय अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    1. इस अधिनियम के अनुसार ग्राम न्यायालय केवल सिविल मामलों की सुनवाई कर सकता है, आपराधिक मामलों की नहीं।
    2. यह अधिनियम स्थानीय सामाजिक सक्रियतावादियों को मध्यस्थ/सुलहकर्ता के रूप में स्वीकार करता है।

    नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
4. राष्ट्र हित में भारत की संसद् राज्य सूची के किसी भी विषय पर विधिक शक्ति प्राप्त कर लेती है यदि इसके लिए एक संकल्प
    (a) लोक सभा द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए
    (b) लोक सभा द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्य संख्या के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए
    (c) राज्य सभा द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए
    (d) राज्य सभा द्वारा अपने उपस्थित एवं मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए।
5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
    1. किसी भी व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम निर्धारित आयु 25 वर्ष है।
    2. पंचायत के समयपूर्व भंग होने के पश्चात् पुनर्गठित पंचायत केवल अवशिष्ट समय के लिए ही जारी रहती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## उत्तरमाला

### वर्ष 1993 का प्रश्न-पत्र

1. (b) 2. (c) 3. (d) 4. (c) 5. (b)
6. (b) 7. (d) 8. (a) 9. (d) 10. (c)
11. (c) 12. (b) 13. (c) 14. (c)

### वर्ष 1994 का प्रश्न-पत्र

1. (c) 2. (c) 3. (b) 4. (d) 5. (a)
6. (d) 7. (c) 8. (d) 9. (a) 10. (a)
11. (d) 12. (c) 13. (a) 14. (a)

**वर्ष 1995 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (b) 3. (b) 4. (a) 5. (d)
6. (d) 7. (a) 8. (a) 9. (a) 10. (c)
11. (d) 12. (d) 13. (a) 14. (b) 15. (d)
16. (d) 17. (d)

**वर्ष 1996 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (c) 3. (d) 4. (b) 5. (c)
6. (d) 7. (c) 8. (c) 9. (c) 10. (b)

**वर्ष 1997 का प्रश्न-पत्र**

1. (c) 2. (b) 3. (b) 4. (b) 5. (b)
6. (c) 7. (a) 8. (c) 9. (b) 10. (c)
11. (a) 12. (d)

**वर्ष 1998 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (d) 3. (a) 4. (c) 5. (b)

**वर्ष 1999 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (a) 3. (d) 4. (c) 5. (c)
6. (d) 7. (d) 8. (b) 9. (a)

**वर्ष 2000 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (a) 3. (c) 4. (a) 5. (d)
6. (c) 7. (a) 8. (d) 9. (d) 10. (a)
11. (a) 12. (c)

**वर्ष 2001 का प्रश्न-पत्र**

1. (c) 2. (b) 3. (d) 4. (d) 5. (a)
6. (d) 7. (a) 8. (a) 9. (a) 10. (a)
11. (d) 12. (a)

**वर्ष 2002 का प्रश्न-पत्र**

1. (a) 2. (b) 3. (c) 4. (d) 5. (d)
6. (a) 7. (d) 8. (a) 9. (a) 10. (b)
11. (c) 12. (d) 13. (a) 14. (b) 15. (c)
16. (d) 17. (c) 18. (c) 19. (b)

**वर्ष 2003 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (c) 3. (d) 4. (b) 5. (c)
6. (c) 7. (b) 8. (b) 9. (d) 10. (c)
11. (a) 12. (a) 13. (b) 14. (d) 15. (c)
16. (d) 17. (d) 18. (d) 19. (d)

**वर्ष 2004 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (b) 3. (a) 4. (d) 5. (d)
6. (a) 7. (d) 8. (b) 9. (d) 10. (b)
11. (a) 12. (b) 13. (c) 14. (a) 15. (c)
16. (c) 17. (a) 18. (c) 19. (a) 20. (d)
21. (a) 22. (b)

**वर्ष 2005 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (a) 3. (d) 4. (a) 5. (b)
6. (c) 7. (c) 8. (d) 9. (b) 10. (a)

**वर्ष 2006 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (b) 3. (a) 4. (d) 5. (d)
6. (c) 7. (c) 8. (d) 9. (d) 10. (c)
11. (b) 12. (d) 13. (b)

**वर्ष 2007 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (b) 3. (b) 4. (c) 5. (d)
6. (d) 7. (b) 8. (a) 9. (a) 10. (a)
11. (a) 12. (b)

**वर्ष 2008 का प्रश्न-पत्र**

1. (d) 2. (b) 3. (b) 4. (b) 5. (b)
6. (b) 7. (b) 8. (c) 9. (b) 10. (b)
11. (b) 12. (b) 13. (d)

**वर्ष 2009 का प्रश्न-पत्र**

1. (c) 2. (a) 3. (a) 4. (c) 5. (c)
6. (a) 7. (d) 8. (b) 9. (a) 10. (d)
11. (b) 12. (b) 13. (a) 14. (b)

**वर्ष 2010 का प्रश्न-पत्र**

1. (b) 2. (b) 3. (d) 4. (b) 5. (a)
6. (b) 7. (d) 8. (c) 9. (b) 10. (a)

**वर्ष 2011 का प्रश्न-पत्र**

1. (c) 2. (c) 3. (d) 4. (b) 5. (c)
6. (b) 7. (d) 8. (a) 9. (d) 10. (d)
11. (a) 12. (b)

**वर्ष 2012 का प्रश्न-पत्र**

1. (c) 2. (d) 3. (a) 4. (a) 5. (b)
6. (d) 7. (c) 8. (b) 9. (c) 10. (c)
11. (b) 12. (a) 13. (c) 14. (c) 15. (a)
16. (c) 17. (c) 18. (a) 19. (c) 20. (a)

### वर्ष 2013 का प्रश्न-पत्र

1. (b) 2. (b) 3. (a) 4. (b) 5. (b)
6. (b) 7. (c) 8. (d) 9. (b) 10. (c)
11. (a) 12. (c) 13. (c) 14. (d) 15. (c)
16. (d) 17. (d) 18. (c)

### वर्ष 2014 का प्रश्न-पत्र

1. (c) 2. (b) 3. (d) 4. (d) 5. (b)
6. (c) 7. (c) 8. (b) 9. (b) 10. (a)
11. (c) 12. (c) 13. (b)

### वर्ष 2015 का प्रश्न-पत्र

1. (c) 2. (b) 3. (b) 4. (a) 5. (d)
6. (d) 7. (a) 8. (c) 9. (d) 10. (a)
11. (d) 12. (d) 13. (c) 14. (b) 15. (d)

### वर्ष 2016 का प्रश्न-पत्र

1. (b) 2. (d) 3. (b) 4. (d) 5. (b)